ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : प्रेम जैसी निर्मम वस्तु क्या भय से बाँध कर रखी जा सकती है?



किसी महिला को तीन दिन के लिए 'अछूत' नहीं माना जा सकता: न्यायमूर्ति नागरत्ना पृष्ठ 7




**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# एसआईआर प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची से हटाए गए करीब 91 लाख नाम

## 60 लाख विचाराधीन में से 27.16 लाख अयोग्य पाए गए

- 7.66 करोड़ से घटकर संख्या हुई 6.77 करोड़
- मुर्शिदाबाद में सबसे अधिक मतदाता नाम कटे

**कोलकाता :** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बाद मतदाता सूची से करीब 91 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य के अंतिम मतदाता आधार की घोषणा अभी बाकी है। हालांकि, उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष अक्टूबर के अंत में 7.66 करोड़ मतदाताओं के आधार पर, राज्य में इस समय कुल हटाए गए मतदाताओं का प्रतिशत 11.85 प्रतिशत से अधिक है। एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत से अब तक कुल हटाए गए नामों की अंतिम संख्या 90.83 लाख से थोड़ा अधिक रही। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई जांच में इन 60.06 लाख में से 27.16 लाख 'विवेचनाधीन'



मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। आंकड़ों से पता चलता है कि 28 फरवरी को एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियों के बाद न्यायिक जांच के दायरे में आए लगभग 45.22 प्रतिशत नाम हटा दिए गए। वहीं, इस श्रेणी के 32.68 लाख से अधिक मतदाताओं को बरकरार रखते हुए अंतिम सूची में शामिल किया गया है। आयोग के आंकड़ों से पता चला कि सबसे अधिक नाम मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में हटाए गए, जहां न्यायिक जांच के तहत 11.01 लाख नामों में से 4.55 लाख से अधिक नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। इस तरह, जिले में न्यायिक जांच के तहत हटाए गए नामों की संख्या लगभग 41.33 प्रतिशत है। बांग्लादेश की सीमा से लगे उत्तर 24 परगना जिले में भी बड़ी संख्या में मतदाता सूची से नाम हटाए गए। यहां जांच के दायरे में आए 5.91 लाख मतदाताओं में से 3.25 लाख से अधिक मतदाता अयोग्य पाए गए। मालदा में, न्यायिक जांच के दायरे में आए 8.28 लाख मतदाताओं में से 2.39 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। आंकड़ों के अनुसार, सुनवाई के बाद दक्षिण 24 परगना जिले में हटाए गए नामों की संख्या लगभग 2.23 लाख रही, पूर्वी बर्धमान जिले में 2.09 लाख और नदिया में 2.98 लाख रही। प्रतिशत के हिसाब से, नदिया और उत्तर 24 परगना जिलों में सुनवाई के बाद हटाए गए सदस्यों की संख्या क्रमशः 77.86 प्रतिशत और 55.08 प्रतिशत है। इन दोनों जिलों में हिंदू नामशुद्र मतुआ समुदाय के सदस्यों की अच्छी खासी संख्या है। कोलकाता दक्षिण में 28,000 से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल है। सुनवाई के दौरान हटाए गए नामों का प्रतिशत 36.19 प्रतिशत रहा। कोलकाता उत्तर में जांच के दायरे में आए करीब 39,000 मतदाता मतदान के लिए अयोग्य पाए गए, जिससे वहां हटाए गए नामों का प्रतिशत लगभग 64 प्रतिशत रहा।

### एसआईआर ट्रिब्यूनल की कार्यप्रणाली के लिए हाई कोर्ट ने गठित की तीन सदस्यीय समिति

**कोलकाता :** बंगाल में मतदाता सूची से नाम हटाये जाने के कानूनी और प्रशासनिक गहमागहमी के बीच कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल ने एसआइआर ट्रिब्यूनल की कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने और प्रक्रियाओं में एकरूपता लाने के लिए तीन पूर्व न्यायाधीशों की एक विशेष समिति का गठन किया है। इस उच्च स्तरीय समिति में कलकत्ता हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रदीप्त राय और सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रणब कुमार देब को शामिल किया गया है। यह समिति मुख्य रूप से यह निर्धारित करेगी कि मतदाता सूची से बाहर किए गए नागरिकों के दावों और अपीलों का निपटारा ट्रिब्यूनल के 19 न्यायाधीश किस पद्धति से करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने आशा व्यक्त की है कि यह समिति तत्काल अपनी सिफारिशें सौंपेगी ताकि अपीलों का निपटारा त्वरित गति से हो सके।

### विदेशी प्रतिनिधि विधानसभा चुनाव प्रक्रिया देखने के लिए भारत आएंगे

**नयी दिल्ली :** पांच विदेशी मिशन के प्रतिनिधियों सहित 23 देशों के कुल 43 प्रतिनिधि विधानसभा चुनावों को नजदीक से देखने के लिए असम, केरल और पुडुचेरी का दौरा करेंगे। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को बताया कि ये प्रतिनिधि 'इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम-2026' का हिस्सा हैं। कार्यक्रम के पहले चरण में प्रतिनिधि 8-9 अप्रैल को असम, केरल और पुडुचेरी का दौरा करेंगे। दूसरे चरण में वे 20 अप्रैल से पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु की यात्रा करेंगे। मंगलवार को प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग के प्रशिक्षण प्रकोष्ठ भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंध संस्थान (आईआईआईडीईएम) में ईवीएम दिखाई गई। निर्वाचन आयोग लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों को देखने के लिए वैश्विक चुनाव प्रबंधन संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आमंत्रित करता है।

# एसआईआर के जरिए मतुआ, अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के नाम जानबूझकर मतदाता सूचियों से हटाए गए : ममता

## मुख्यमंत्री का आश्वासन- तृणमूल उन लोगों के साथ खड़ी रहेगी जिनके नाम सूची से हटाए गए हैं



**कोलकाता :** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के जरिए जानबूझकर मतदाता सूचियों से मतुआ और अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। नदिया जिले के चाकदा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस उन लोगों के साथ खड़ी रहेगी जिनके नाम एसआइआर की प्रक्रिया के बाद मतदाता सूचियों से हटा दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, एसआइआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बंगाल में लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटा दिए गए हैं। ममता ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट में उनके दखल के बाद, निर्णय के लिए विचाराधीन लगभग 60 लाख मामलों में से लगभग 32 लाख नाम सूचियों में बहाल कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की मिलीभगत से भाजपा के इशारे पर खास समुदायों... मतुआ, राजबंशी और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर मतदाता सूचियों से नाम हटाए जा रहे थे। मुख्यमंत्री ने एसआइआर प्रक्रिया को लेकर फिर सवाल उठाए हुए कहा कि लोगों को लंबी कतारों में खड़ा किया गया। उन्होंने मतदाताओं से पूछा, क्या आप इसका जवाब चुनाव में मतदान के जरिए देंगे या नहीं?

**मैं ही हर जगह उम्मीदवार**

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ममता ने एक बार फिर दोहराया कि मैं ही हर जगह यानी राज्य की सभी 294 सीटों पर पार्टी की उम्मीदवार हूं। तृणमूल को दिया गया एक-एक वोट मुझे ही जाएगा। अगर आप चाहते हैं कि विकास कार्य जारी रहे, तो मेरे चेहरे को ध्यान में रखकर मतदान करें।

वाममोर्चे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आरोप लगाया कि ईडी और सीबीआइ के मामले वाम दलों के खिलाफ दर्ज नहीं होते, क्योंकि वे भाजपा के साथ मिलकर खेल खेलते हैं। ममता ने कहा कि वाम दल वोटों का बंटवारा कर भाजपा को फायदा पहुंचाने की कोशिश करते हैं और भाजपा विरोधी वोट केवल तृणमूल को ही मिलने चाहिए।

### भवानीपुर सीट से आज करेंगी नामांकन दाखिल

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी अपनी परंपरागत कोलकाता की भवानीपुर विधानसभा सीट से बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। तृणमूल से मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे अपने कालीघाट स्थित आवास से कुछ दूरी पर स्थित गोपालनगर में सरकारी सर्वे बिल्डिंग में नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। मुख्यमंत्री सुबह 10.30 बजे अपने कालीघाट स्थित आवास से रवाना होंगी। वह पैदल मार्च करते हुए ही सर्वे बिल्डिंग पहुंचेंगी और अपना नामांकन जमा देंगी। इस दौरान तृणमूल के सभी सांसद, मंत्री व कई विधायकों सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे। बताते चलें कि राज्य की सबसे हाई-प्रोफाइल सीट भवानीपुर में इस बार ममता का मुकाबला भाजपा के सुवेंदु अधिकारी से है। भवानीपुर में दूसरे चरण में 29 अप्रैल को मतदान होना है।

# नौ अप्रैल सुबह सात बजे से 29 अप्रैल शाम साढ़े छह बजे तक एक्जिट पोल के प्रसारण पर रोक : निर्वाचन आयोग




**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने कहा है कि इस महीने हो रहे पांच विधानसभा चुनावों के लिए नौ अप्रैल की सुबह सात बजे से 29 अप्रैल की शाम 6.30 बजे तक एग्जिट पोल का प्रसारण नहीं किया जा सकता है। उसने यह चेतावनी भी दी है कि इस अवधि में एग्जिट पोल आयोजित करना या प्रसारित करना जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 ए का उल्लंघन है और दो साल तक की कैद, या जुर्माना या दोनों दंड दिया जा सकता है। केरल, असम और पुडुचेरी में नौ अप्रैल को विधानसभा चुनाव होंगे, वहीं तमिलनाडु में 23 अप्रैल को चुनावी प्रक्रिया होगी। पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को चुनाव होंगे। केरल और पुडुचेरी में मंगलवार शाम छह बजे और असम में पांच बजे से चुनाव प्रचार थम जाएगा। आमतौर पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होता है, लेकिन इलाके और सुरक्षा स्थिति के कारण समय अलग-अलग हो सकता है।

### वेबकास्टिंग बाधित की गई तो पुनर्मतदान की सिफारिश कर सकता है अधिकारी

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने इस महीने पांच विधानसभाओं के चुनाव के मतदान से पहले मंगलवार को उस निर्देश का फिर उल्लेख किया, जो एक निर्वाचन अधिकारी को उस मतदान केंद्र पर पुनर्मतदान की सिफारिश करने की अनुमति देता है, जहां 'वेबकास्टिंग' जानबूझकर बाधित की जाती है। आयोग के अधिकारी राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा मतदान केंद्रों पर व्यवधान की आशंका और ऐसे मामलों से निपटने के तरीकों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को मतदान होगा। तमिलनाडु में 23 अप्रैल को मतदान होगा। पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को पहले चरण और 29 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होना है। अधिकारियों ने कहा कि यदि कोई निर्वाचन अधिकारी किसी मतदान केंद्र पर वेबकास्टिंग बंद होने के गलत इरादे को लेकर आश्वस्त है, तो वह पुनर्मतदान की सिफारिश करते समय आयोग को परिस्थितियों के बारे में बता सकता है।

### विधानसभा चुनावों के बाद शेष 22 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में शुरू हो सकती एसआईआर

निर्वाचन आयोग इस महीने पांच विधानसभाओं के चुनाव के बाद दिल्ली सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का तीसरा और अंतिम चरण शुरू कर सकता है। इस महीने केरल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और मतगणना चार मई को होगी। अब तक, एसआईआर 10 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में किया जा चुका है। असम में मतदाता सूची का 'विशेष पुनरीक्षण' किया गया है। जिन राज्यों में अब तक एसआईआर किया गया, उनमें सिर्फ उत्तर प्रदेश में अब तक अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित नहीं हुई है। एक बार इन राज्यों में यह कवायद पूरी होने के बाद पूरे देश में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दमन एवं दीव, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के अखिल भारतीय एसआईआर का आदेश पिछले साल जून में दिया गया था।

# बंगाल की तरफ नजर उठाई तो पाकिस्तान के कितने हिस्से होंगे, भगवान ही जानें : राजनाथ

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान पर राजनाथ सिंह का करारा जवाब

- 1971 युद्ध की याद दिलाते हुए दी कड़ी चेतावनी

**कोलकाता :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा कोलकाता पर हमले की धमकी को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। मंगलवार को उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान ने बंगाल की ओर नजर उठाने की भी कोशिश की, तो उसके कितने हिस्से होंगे, यह भगवान ही जानते हैं। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि उसे इतिहास से सबक लेना चाहिए और भारत की संप्रभुता को चुनौती देने से बचना चाहिए। उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के बाद आयोजित रोड शो के दौरान पत्रकारों से बातचीत में राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री को इस तरह के भड़काऊ बयान देने



से बचना चाहिए था। उनके बयान पर मैं इतना ही कहूंगा कि उन्हें ये नहीं भूलना चाहिए कि 55 साल पहले 1971 में पाकिस्तान ने एक बार बंगाल की तरफ नजर उठाने की कोशिश की थी तो उसके दो टुकड़े हो गए- एक पाकिस्तान और दूसरा बांग्लादेश बन गया। इस बार यदि ऐसी दुस्साहस की तो उसका क्या परिणाम होगा ये भविष्य में पता चल जाएगा। गौरतलब है कि हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत को चेतावनी देते हुए कहा था कि किसी भी कार्रवाई का जवाब कोलकाता में हमले के रूप में दिया जा सकता है।

**पाक रक्षा मंत्री की धमकी पर चुप्पी को लेकर ममता ने उठाया था सवाल**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कोलकाता पर हमले की धमकी को लेकर केंद्र सरकार की चुप्पी पर सोमवार को सवाल उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफे तक की मांग की थी। ममता ने सवाल किया था कि पाक द्वारा हमले की धमकी दिए जाने का मुद्दा पीएम मोदी ने रविवार को बंगाल के कूचबिहार में अपनी चुनावी रैली के दौरान क्यों नहीं उठाया। ममता ने यहां तक कहा था कि क्या चुनाव से पहले एक और पहलगाम जैसी घटना होगी? जिसके बाद अब राजनाथ ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है।

# ईरान ने समझौता नहीं किया, तो "पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी" : ट्रंप

**तेहरान :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान उनकी ओर से दी गई मंगलवार की नवीनतम समय-सीमा तक होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने समेत एक समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो ''आज रात एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा''। इसी बीच, ईरान पर किये गए हवाई हमलों में दो पुल और एक रेलवे स्टेशन को निशाना बनाया गया। अमेरिका ने ईरान के तेल केंद्र खार्ग द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों पर हमला किया। यह दूसरी बार था जब अमेरिकी सेना ने इस द्वीप पर हमला किया है।
ट्रंप ने पहले भी समयसीमा बढ़ाई थी, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि वाशिंगटन में मंगलवार रात आठ बजे तक की समयसीमा अंतिम है। इसी के साथ दोनों पक्षों की ओर से बयानबाजी चरम पर पहुंच गई, जिससे ईरानी नागरिकों की चिंता बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने धमकी दी है कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से नहीं खोलता, तो उसके सभी बिजली संयंत्रों और पुलों को नष्ट कर दिया जाएगा। इस जलडमरूमध्य के रास्ते शांति काल में दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि उनके सहित 1.4 करोड़ लोगों ने युद्ध लड़ने के लिए स्वेच्छा से अपनी सेवाएं देने की पेशकश की है।

**अगर ट्रंप हमले की धमकी पर अमल करते हैं तो ईरान 'तत्काल आनुपातिक' जवाबी कार्रवाई करेगा: राजनयिक**

ईरान के एक राजनयिक ने मंगलवार को कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उनके देश की पूरी सभ्यता को खत्म करने की अपनी धमकियों पर अमल करते हैं, तो तेहरान तत्काल और आनुपातिक जवाबी कार्रवाई करेगा। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के प्रतिनिधि आमिर सईद ईरावनी ने कहा कि ट्रंप की यह धमकी कि अगर तेहरान कोई समझौता नहीं करता है, तो पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी, युद्ध अपराधों और संभावित नरसंहार के लिए उकसावे के समान है।

# भारत ने ईरान में अपने नागरिकों के लिए 'जहाँ हैं, वहीं रहें' का अत्यावश्यक परामर्श जारी किया

**नयी दिल्ली :** वाशिंगटन द्वारा तेहरान को दी गई चेतावनी के बाद पश्चिम एशिया संकट के एक गंभीर मोड़ पर पहुँचने के बीच भारत ने मंगलवार को ईरान में मौजूद अपने नागरिकों को अगले 48 घंटों तक ''जहाँ हैं, वहीं रहने'' की सलाह दी। आपातकालीन परामर्श में, ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीयों से घर के भीतर रहने तथा सैन्य ठिकानों, ऊर्जा ढांचों और बहुमंजिला इमारतों की ऊपरी मंजिलों से पूरी तरह दूर रहने का आग्रह किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी खत्म करने के लिए उनके द्वारा दी गई रात 8 बजे (पूर्वी समय) तक की समयसीमा (भारतीय समय के अनुसार बुधवार सुबह 5:30 बजे) का पालन नहीं करता है, तो ''पूरी की पूरी सभ्यता आज रात खत्म हो जाएगी।'' दूतावास ने कहा, ''पिछली सलाहों के क्रम में, जो भारतीय नागरिक अब भी ईरान में हैं, उन्हें अगले 48 घंटों तक वहीं रहना चाहिए जहाँ वे हैं; उन्हें बिजली और सैन्य ठिकानों के साथ-साथ बहुमंजिला इमारतों की ऊपरी मंज़िलों से दूर रहना चाहिए, घर के अंदर ही रहना चाहिए और राजमार्ग संबंधी किसी भी तरह की आवाजाही के लिए दूतावास के साथ सख्ती से तालमेल बिठाना चाहिए।''

# विधानसभा चुनाव : कल पीएम मोदी बंगाल में तीन जनसभाओं को करेंगे संबोधित

- पहला बैंशाख से पहले पीएम सात चुनावी कार्यक्रमों में हो सकते हैं शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनावों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह 9 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चुनावी कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं। प्रदेश भाजपा की राज्य समिति के एक सदस्य ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के अब तक तय हुए संभावित कार्यक्रम के अनुसार, 9 अप्रैल को वह पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल, बीरभूम जिले के सिउड़ी और पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एक के बाद एक तीन बड़ी चुनावी



रैलियों को संबोधित कर सकते हैं। राज्य समिति के सदस्य ने बताया कि 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी तीन चुनावी रैलियों मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर, पूर्व बर्दवान जिले के कटवा और दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट में संबोधित करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 11 अप्रैल को दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी में रात बिताएंगे। अगले दिन, यानी 12 अप्रैल को वह सिलीगुड़ी शहर में एक रोड शो में हिस्सा लेने वाले हैं। राज्य समिति के सदस्य ने कहा कि योजना के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी कुल 14 चुनावी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले हैं, जिनमें उनकी रैलियां और रोड शो शामिल हैं। उनका आखिरी कार्यक्रम दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में होगा, जहां विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी का मुकाबला वहां की मौजूदा तृणमूल कांग्रेस विधायक और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से है। भवानीपुर में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम रैली और रोड शो का मिला-जुला रूप होने की संभावना है।

# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर के अंतरराज्यीय आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, पांच गिरफ्तार

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक अंतरराज्यीय आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पिछले 16 साल से फरार अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, अब्दुल्ला के अलावा एक अन्य पाकिस्तानी आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब को भी इस बड़े अभियान में गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई जम्मू और कश्मीर पुलिस द्वारा फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय में स्थित एक 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल का



भंडाफोड़ करने के छह महीने बाद हुई है, जिसके तार कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि गत कुछ दिनों में, जांचकर्ताओं ने जम्मू और कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा सहित 19 स्थानों पर छापेमारी की और चार एके असॉल्ट राइफलों सहित बड़ी मात्रा में हथियार और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय कर की गई जांच के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को साजो-सामान और वित्तीय सहायाता करने वाले एक विशाल नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए पांच लोगों में से तीन श्रीनगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि मोहम्मद नकीब भट, आदिल राशिद भट और गुलाम मोहम्मद मीर उर्फ मामा को आतंकवादियों को आश्रय और भोजन सहित सामरिक सहायता प्रदान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## ईरान के खिलाफ अपशब्द हताशा का नतीजा

अमेरिका के इतिहास में शायद ही कोई डोनाल्ड ट्रंप जैसा अधीर, अपरिपक्व बयानवीर और व्यापारी सोच का राष्ट्रपति हुआ हो। संयम व गरिमा शब्द उनके शब्दकोश में ही नहीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका-इस्राइल युद्ध के चरम के बीच उन्होंने जिन अपशब्दों का प्रयोग ईरान के लिये किया, वो उनकी हताशा को ही दर्शाता है। उनके बयानों की पूरी दुनिया के साथ अमेरिका के भीतर भी कड़ी आलोचना हुई है। आज अमेरिका के नागरिक भी सोचते होंगे कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र में राष्ट्रपति को इतने निरंकुश अधिकार देना क्या प्रजातंत्र के हित में है? निश्चित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर, अपशब्दों और धार्मिक संदर्भों के साथ तेहरान को दी गई चेतावनी, ट्रंप के आवेगपूर्ण उकसावे के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है। एक महाशक्ति के मुखिया द्वारा ऐसी सतही भाषा का प्रयोग न केवल अशोभनीय है बल्कि घातक परिणामों की ओर ले जाने वाला भी है। जाहिरा तौर उनकी धमकियां ईरान को बातचीत की मेज पर लाने के बजाय, उसे और आक्रामक तरीके से जवाबी कार्रवाई करने को उकसाएंगी। दरअसल,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह जताने की असफल कोशिश कर रहे हैं कि मौजूदा युद्ध मध्ययुगीन धर्मयुद्ध का विस्तार है। जिसमें सदियों तक ईसाई और मुसलमान आपस में वर्चस्व के लिये युद्ध करते रहे हैं। उन्होंने राजनीति में धार्मिक भावनाओं का भरपूर इस्तेमाल करते हुए ईरान में मार गिराए गए अमेरिकी फाइटर जहाज के पायलट के बचाव को 'ईस्टर का चमत्कार' बताने से भी गुरेज नहीं किया। जाहिरा तौर पर पुनरुत्थान और आशा का प्रतीक माने जाने वाले ईसाई धर्मावलंबियों के एक पवित्र दिन का हवाला देना, सैन्य अभियान को नैतिक और दैवीय रंग देने का ही एक असफल प्रयास है। निश्चित तौर पर इस तरह की सतही बयानबाजी एक जटिल भू-राजनीतिक संघर्ष को धार्मिकता की एक सरल कहानी में बदलने का जोखिम पैदा करती है। जो ट्रंप की सैन्य अभियान की तार्किकता सिद्ध करने की विफलता को भी दर्शाती है।

यही वजह है कि अमेरिकी सांसदों ने यह पता लगाने के लिये जांच की मांग की है कि क्या धार्मिक मान्यताओं का प्रयोग सैन्य कार्रवाई को सही ठहराने के लिये किया जा सकता है? निश्चित रूप से उन सांसदों की चेतावनी एक मूलभूत लोकतांत्रिक सिद्धांत पर आधारित है, वो है चर्च और राज्य का पृथक्करण का सिद्धांत। उनका तर्क है कि सैन्य निर्णय कानून,रणनीति और जवाबदेही द्वारा निर्देशित होने चाहिए, न कि ईश्वर या बाईबल की भविष्यवाणियों का हवाला देकर। निश्चित रूप से ट्रंप की इन आक्रामक ब्यानबाजियों और कारगुजारियों की कीमत आने वाले वर्षों में अमेरिकियों को चुकानी पड़ सकती है। वहीं दूसरी ओर ट्रंप की गैरजिम्मेदार धमकियां पश्चिमी एशिया में अमेरिकी रक्षा कर्मियों के जीवन को भी खतरे में डाल सकती हैं। वहीं दूसरी ओर गुप्त राजनयिक प्रयासों को भी पटरी से उतार सकती हैं। दुनिया की महाशक्ति के सबसे शक्तिशाली नेता होने के नाते,उन्हें यह जरूर समझना चाहिए कि उनके बेतुके शब्दों से अमेरिकी विदेशी नीति को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। जाहिरा तौर पर सशक्त नेतृत्व के लिये जिम्मेदारी के साथ विश्वसनीयता और स्पष्टता भी बेहद जरूरी है। ऐसे में धर्म को हथियार बनाने का उनका यह प्रयास घोर हताशा को ही दर्शाता है। जो इस बात की भी पुष्टि करता है कि अमेरिकी जनता ने एक व्यक्ति की क्षमताओं से कहीं अधिक दायित्व उन्हें सौंपा है। जिसकी वजह यह भी है कि ट्रंप ईरान की क्षमताओं का आकलन करने में चूके हैं। वे जमीनी हकीकत से इतर लगातार अमेरिका की जीत के दावे कर रहे हैं। जब कि वास्तविकता यह है कि सब कुछ खत्म करने के दावों के बावजूद ईरान अमेरिका व इस्राइल को पूरी टक्कर दे रहा है। वह खाड़ी में न केवल अमेरिका के मित्र देशों को निशाना बना रहा है बल्कि इस्राइल के भीतर व मध्यपूर्व में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े हमले कर रहा है। ट्रंप के बड़े-बड़े दावों के बावजूद न तो ईरान में सत्ता परिवर्तन ही हुआ है और न ही यह तय हो पाया कि ईरान भविष्य में परमाणु क्षमता हासिल नहीं कर सकता है। उलटे अमेरिका में ट्रंप की लोकप्रियता में तेजी से गिरावट आई है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 8 अप्रैल, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख कृष्णपक्ष षष्ठी, 19:01 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 05:46 तक, योग : वरीघा, 17:03 तक, सूर्योदय: 05:24, सूर्यास्त: 17:53, चन्द्रोदय : 23:33, चन्द्रास्त: 09:20, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 11:38 से 13:11

## राशिफल

**मेष :** लाभ भाव में बुधदेव की उपस्थिति का अर्थ है कि आपके संपर्कों और नेटवर्किंग के प्रयास अब ठोस परिणाम देने लगे हैं। आज आर्थिक संभावनाएं बहुत उज्ज्वल दिखाई दे रही हैं।

**वृष :** आपकी प्रतिष्ठा भाव में बुधदेव के होने से आपकी साख और सम्मान फिर से मजबूत हो रहा है। करियर से जुड़ा कोई पुराना संपर्क लाभदायक प्रस्ताव लेकर आपके पास वापस आ सकता है।

**मिथुन :** ज्ञान के भाव में बुधदेव का होना पक्का करेगा कि आपकी दीर्घकालिक रणनीतियां और अंतरराष्ट्रीय सहयोग अब फिर से पटरी पर आ जाएं। योजना बनाने के लिए आज के दिन का उपयोग करें।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहने की संभावना है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी को नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने की संभावना भी बन सकती है।

**सिंह :** सातवें भाव में बुधदेव के होने का अर्थ यह है कि आपके सहयोग और साझेदारियां अब आपकी सबसे बड़ी शक्ति हैं। आर्थिक संभावनाएं पेशेवर पुरस्कारों पर केंद्रित हैं।

**कन्या :** पेशेवर तौर पर आप एक दूरदर्शी विशेषज्ञ के रूप में उभर रहे हैं। छठे भाव में बुधदेव की स्थिति का मतलब है कि आपके काम करने का तरीका अब आपके सबसे मजबूत पक्ष हैं।

**तुला :** पेशेवर जीवन में आप एक रणनीतिक विश्लेषक के रूप में कार्य कर रहे हैं। आर्थिक संभावनाएं आंतरिक प्रबंधन पर केंद्रित हैं। आपकी दैनिक स्थिरता को बनाए रखें।

**वृश्चिक :** बुनियाद के भाव में बुधदेव की स्थिति का मतलब है कि आपकी आंतरिक प्रणालियां और होम-ऑफिस सेटअप अब आपके सबसे मजबूत उपकरण हैं।

**धनु :** पेशेवर रूप से आप दक्षता विशेषज्ञ के रूप में जाने जाएंगे। कौशल के भाव में बुधदेव की सीधी गति का अर्थ है कि प्रेसेंटेशन्स और तकनीकी कार्यप्रवाह अब आपकी सबसे बड़ी शक्ति हैं।

**मकर :** धन भाव में बुधदेव की उपस्थिति का मतलब है कि आपकी फाइनेंशियल बातचीत और रिसोर्स मैनेजमेंट अब आपके सबसे मजबूत उपकरण हैं।

**कुम्भ :** आपकी राशि में बुधदेव के होने का मतलब है कि आपका पर्सनल ब्रांड और कम्युनिकेशन स्टाइल अब आपकी सबसे बड़ी ताकत हैं। आर्थिक गतिविधियां घर-आधारित खर्चों पर केंद्रित हैं।

**मीन :** अदृश्य भाव (बारहवें घर) में बुधदेव के होने का अर्थ है कि आपके पीछे के शोध और निजी रणनीतियां अब आपके सबसे मजबूत पक्ष हैं। फिजूलखर्ची करने से बचें और अपने लक्ष्यों पर ध्यान दें।

# युद्ध के माहौल में विश्व शांति का शंखनाद है विश्व णमोकार दिवस



ललित गर्ग

विश्व इतिहास के इस संक्रमणकाल में, जब मानवता युद्ध, हिंसा, आतंक, तनाव और असहिष्णुता के बोझ तले कराह रही है, ऐसे समय में 9 अप्रैल 2026 को मनाया जाने वाला विश्व णमोकार मंत्र दिवस एक अद्वितीय आध्यात्मिक ऊर्जा-विस्फोट के रूप में सामने आ रहा है। यह दिवस केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि दिव्य चेतना के जागरण का ऐसा अवसर है, जिसमें सामूहिक मंत्रोच्चारण से उत्पन्न होने वाली चमत्कारी और सिद्ध शक्तियां पूरे विश्व को आलोकित करने वाली हैं। एक विश्व, एक दिन, एक मंत्र-इस संकल्प के साथ प्रातः जब संपूर्ण पृथ्वी पर एक साथ णमोकार महामंत्र का उच्चारण होगा, तब यह केवल ध्वनि नहीं होगी, बल्कि एक दिव्य ऊर्जा तरंग का निर्माण होगा। आध्यात्मिक विज्ञान के अनुसार, जब लाखों-करोड़ों लोग एक ही समय पर एक ही पवित्र मंत्र का उच्चारण करते हैं, तो उससे उत्पन्न स्पंदन वातावरण को शुद्ध करते हैं, नकारात्मक ऊर्जा का क्षय करते हैं, सकारात्मक चेतना का तीव्र प्रसार करते हैं और शांति एवं अहिंसा का शंखनाद करते हैं। यह सामूहिक ऊर्जा 'संकल्प शक्ति' के रूप में कार्य करती है, जो असंभव को संभव बनाने की क्षमता रखती है।

यह विलक्षण दिवस हजारों मंदिरों एवं अन्य स्थलों में जातीय बंधनों को तोड़कर सभी समुदाय, जाति, वर्ग के लोगों को सम्मिलित होने का अवसर देकर एक प्रेरणादीप बनेगा, जहां मैत्री के फूल खिलेंगे, शांति एवं सद्भावना की ज्योति रश्मियां जगमगायेगी। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण, सम्यक्-चरित्र, सम्यक्-दृष्टि का अभाव अखरता है। सिद्ध एवं चमत्कारी णमोकार महामंत्र सम्यक्-आचरण को उद्घाटित करने वाला किसी धर्म विशेष का नहीं है, यह एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक, सार्वदेशिक मंत्र है, जिसका उच्चारण कर व्यक्ति शुद्ध आचरण एवं स्वस्थ जीवनशैली को आकार देते हुए शांति, अहिंसा, अयुद्ध, सह-जीवन का साकार कर सकता है। 'णमोकार महामंत्र' के सामूहिक उच्चारण के माध्यम से दुनिया भर के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है।

यह आयोजन विश्व शांति, आत्मशांति, सद्भावना और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन-जीतो संस्था के द्वारा कराया जा रहा है। इस विराट आयोजन में 180 से अधिक देशों के लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे। विश्वभर में 100 से अधिक मेगा इवेंट्स और 6000 से अधिक मंदिरों एवं स्थलों पर यह सामूहिक जाप होगा। दिल्ली के मुख्य समारोह में भारत के 14वें राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद एवं गृहमंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति इस आयोजन को वैश्विक पहचान प्रदान करेगी। इस आयोजन से उत्पन्न होने वाली चमत्कारी और सिद्ध शक्तियों का वर्णन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि अनुभव का विषय भी है। यह मंत्र आत्मा के गहनतम स्तर को स्पर्श करता है, जहां से चेतना की शुद्ध धारा प्रवाहित होती है। ऐसा माना जाता है कि इस सामूहिक जाप के दौरान- मानसिक शांति और स्थिरता का अद्भुत अनुभव होता है, जिससे तनाव, भय और अवसाद स्वतः क्षीण होते हैं। आभामंडल की शुद्धि होती है, जिससे व्यक्ति की ऊर्जा सकारात्मक और प्रभावशाली बनती है। रोगों में राहत और स्वास्थ्य में सुधार के अनेक अनुभव सामने आते हैं, क्योंकि सकारात्मक कंपन शरीर की कोशिकाओं को संतुलित करते हैं। संकल्प सिद्धि की शक्ति बढ़ती है अर्थात् जो शुभ संकल्प किए जाते हैं, वे पूर्ण होने की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर होते हैं। कर्म निर्जरा (कर्मों का क्षय) की प्रक्रिया तेज होती है, जिससे आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति संभव होती है।

दुनिया में अनेक मंत्र हैं, किंतु दो मंत्र विशेष रूप से प्रभावशाली माने जाते हैं गायत्री मंत्र और णमोकार महामंत्र। णमोकार मंत्र न केवल जैन धर्म का मूल मंत्र है, बल्कि यह आत्मा की शुद्धि और चेतना के उत्कर्ष का सार्वभौमिक सूत्र है। इसकी शक्ति अनंत और अक्षय मानी जाती है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं, किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। लौकिक मंत्र आदि सिर्फ लौकिक लाभ पहुँचाते हैं, किंतु लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं। इसलिए णमोकार मंत्र सर्वकार्य सिद्धिकारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है, सब पापों का नाश करने वाला है, यह अद्भुत शांति का कारक है। यह संसार में सबसे उत्तम मंगल को घटित करने वाला सिद्ध मंत्र है। णमोकार-स्मरण से अनेक लोगों के रोग, दरिद्रता, भय, तनाव, अशांति, विपत्तियाँ दूर होने की अनुभव सिद्ध घटनाएँ सुनी जाती हैं। मन चाहे काम आसानी से बन जाने के अनुभव भी सुने हैं।

णमोकार महामंत्र के जाप एवं साधना से उत्पन्न ऊर्जा एक पाथेय है जीवनशैली को बदलने का, पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति जागरूक होने का, शांति एवं अहिंसक जीवनशैली का, शरीर, मन, आत्मा एवं प्रकृति के प्रति सचेत रहने का। मूल्यों का सम्बन्ध तो 'जियो और जीने दो' जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है, जो णमोकार महामंत्र की सार्थक निष्पत्ति है। इस मंत्र के प्रथम पाँच पदों में 35 अक्षर और शेष दो पदों में 33 अक्षर हैं। इस तरह कुल 68 अक्षरों का यह महामंत्र समस्त कार्यों को सिद्ध करने वाला व कल्याणकारी अनादि सिद्ध मंत्र है। इसकी आराधना करने वाला स्वर्ग यानी मोक्ष- संसारबंधनों मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। यह मन्त्र एक भावना है, एक इच्छा है, एक कामना है जो बार बार दोहराई जाती है ताकि वैसा हो जाए, इस दृष्टि में उन्नत विश्व संरचना, हिंसा एवं युद्ध मुक्ति के लिये यह कारगर है। सह-अस्तित्व के लिए अहिंसा अनिवार्य है और अहिंसा को फलित करने के लिये णमोकार महामंत्र अचूक उपक्रम है, अनुष्ठान है। दूसरों का अस्तित्व मिटाकर अपना अस्तित्व बचाए रखने की कोशिशें व्यर्थ और अन्ततः घातक होती हैं।

भगवान् महावीर का संदेश कि सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय-इस मंत्र की मूल भावना है। जब यह मंत्र करोड़ों कंठों से एक साथ गूंजता है, तो यह केवल शब्द नहीं रहता, बल्कि करुणा, अहिंसा और सह-अस्तित्व की वैश्विक घोषणा बन जाता है। आचार्य उमास्वाति की उक्ति परस्पर-ोपग्रहो जीवानाम् इस सामूहिक साधना के माध्यम से जीवंत हो उठती है। गतवर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अपने उद्बोधन में इस मंत्र को आंतरिक क्रांति का माध्यम बताया था। उन्होंने कहा कि यह मंत्र केवल जप नहीं, बल्कि जीवन को बदलने की शक्ति है-एक ऐसा साधन जो व्यक्ति को स्वयं से जोड़ता है और समाज को एक सूत्र में पिरोता है। आज जब विश्व युद्ध, हिंसा और आतंक के संकट से जूझ रहा है, तब यह आयोजन एक आध्यात्मिक ऊर्जा-संकल्प बन सकता है। यह वह क्षण होगा, जब मानवता अपनी सामूहिक चेतना से शांति का आह्वान करेगी और णमोकार मंत्र की दिव्य तरंगें विश्व को एक नई दिशा देंगी।

निश्चित तौर पर यह दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि वास्तविक परिवर्तन बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होता है। यदि हम इस मंत्र की शक्ति को समझकर उसे अपने जीवन में उतारें, तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन, बल्कि सम्पूर्ण विश्व शांति, समरसता, अहिंसा, अयुद्ध और आनंद की दिशा में अग्रसर हो सकता है। यही इस मंत्र की चमत्कारी शक्ति है, यही इसकी सिद्धि है, और यही इसका वैश्विक संदेश है। णमोकार महामंत्र व्यक्ति में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए णमोकार महामंत्र से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता। इस दृष्टि से विश्व णमोकार मंत्र दिवस सम्पूर्ण विश्व को आत्म-कल्याण से विश्व-कल्याण की ताकत और प्रासंगिकता से अवगत कराने का सशक्त माध्यम है। आत्मविशुद्धि और मुक्ति के साथ-साथ जीवन को सुखद, समृद्ध, निरोगी और प्रसन्न बनाने के लिए नियमित रूप से णमोकार महामंत्र का जाप करना चाहिए। णमोकार महामंत्र हमें जीवन की समस्याओं, कठिनाइयों, चिंताओं, बाधाओं से पार पहुंचाने में सबसे बड़ा आत्म-सहायक है। यह मंगल भावनाओं से भरा मंत्र जगत में मांगल्य की वृद्धि करता है। मांगल्य की भावना को बढ़ाता है। इस मंत्र के पीछे अनंत साधकों की साधना है। इसलिए इस मंत्र का नियमित जाप करने से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। प्रेषक

(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# जलवायु-अनुकूल खेती : जब खेतों ने मौसम से हारना छोड़ दिया



प्रो. आरके जैन

जब आसमान आग उगलने लगे, बादल कहर बनकर टूट पड़ें और धरती की दरारें किसान की हथेली से भी गहरी हो जाएं, तब केवल फसल नहीं, पूरा जीवन उजड़ जाता है। बीते वर्षों में भारत के करोड़ों किसानों ने यही दर्द झेला है। 2025 में करीब 9.47 मिलियन हेक्टेयर फसल क्षेत्र सूखा, बाढ़ और लू जैसी चरम मौसम घटनाओं से प्रभावित हुआ, जिससे फसलों को भारी नुकसान हुआ। जहां कभी हरियाली लहराती थी, वहां निराशा का सन्नाटा छा गया। लेकिन इसी अंधेरे से एक नई उम्मीद उभरी है। जलवायु-अनुकूल खेती (क्लाइमेट रेजिलिएंट फार्मिंग) अब केवल खेती का तरीका नहीं, बल्कि किसान के भविष्य की सबसे मजबूत ढाल बन चुकी है।

प्रकृति से लड़कर नहीं, उसके साथ चलकर ही खेती सुरक्षित बनती है। वर्षों तक किसान एक खेत में केवल एक फसल बोते रहे। मौसम बिगड़ा, तो पूरी मेहनत एक झटके में खत्म हो गई। अब खेतों में बदलाव दिख रहा है। गेहूं के साथ दालें, तिलहन, मोटे अनाज और सब्जियां भी उगाई जा रही हैं। यदि गर्मी गेहूं को नुकसान पहुंचाए, तो दूसरी फसलें किसान की कमाई बचा लेती हैं। इससे मिट्टी की ताकत बनी रहती है और उत्पादन भी स्थिर रहता है। ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों में इस तरीके से फसल नुकसान काफी हद तक घटा है। अब किसान समझ रहे हैं- खेत में जितनी अधिक विविधता होगी, उतनी ही अधिक सुरक्षा भी मिलेगी।

मिट्टी बची रहे, तभी खेती की ताकत कायम रहेगी। वर्षों तक उपेक्षित यह मिट्टी रासायनिक उर्वरकों से कमजोर हो गई थी- नमी, उर्वरता और जीवन शक्ति खो गई थी। अब जलवायु-अनुकूल खेती ने इसे सुधारना शुरू किया है। मिट्टी स्वास्थ्य पत्रक ने किसानों को बताया कि किस खेत को किस पोषण की जरूरत है। गोबर, कम्पोस्ट, जैविक खाद और फसल अवशेषों से बनी खाद का प्रयोग तेजी से बढ़ा है। नतीजा साफ है-मिट्टी लंबे समय तक नमी रखती है, कम बारिश में भी जड़ें सूखी नहीं होतीं। जैविक तत्व मिट्टी को इतना मजबूत बनाते हैं कि तेज धूप, सूखा और अनियमित बारिश में भी फसल सुरक्षित रहती है। इसलिए आज मिट्टी केवल जमीन नहीं, यह खेत की जीवित शक्ति और किसान की सबसे बड़ी सुरक्षा बन चुकी है।

जहां खेती बारिश पर निर्भर हो, वहां पानी की हर बूंद अनमोल है। पहले एक हेक्टेयर खेत की सिंचाई में लगभग 10 हजार लीटर पानी लगता था, फिर भी फसल सुरक्षित नहीं रहती थी। अब ड्रिप और स्प्रिंकलर इरिगेशन ने यह तस्वीर बदल दी है-वही खेत अब केवल 4 हजार लीटर पानी में सींचे जा रहे हैं। जलवायु-अनुकूल खेती हर बूंद बचाने की सीख देती है। वर्षा जल संचयन, खेत तालाब, जलग्रहण और भूजल पुनर्भरण जैसे उपायों से सूखे क्षेत्रों में नई उम्मीद जगी है। किसान अब बारिश का पानी बहने नहीं देते, बल्कि कठिन दिनों के लिए सहेजते हैं। इससे पानी, बिजली और सिंचाई की लागत घटती है, और जहां पहले सूखा फसल नष्ट कर देता था, वहां अब फसल बचने की संभावना दोगुनी हो गई है।

बदलते मौसम के सामने अब खेती ने हार मानना छोड़ दिया है। ऐसे गेहूं तैयार हुए हैं जो कम पानी में भी मजबूत रहते हैं, ऐसे धान विकसित हुए हैं जो बाढ़ में भी नहीं डूबते, और ऐसी दालें सामने आई हैं जो तेज गर्मी व लू झेल सकती हैं। इसी ने खेती में नई क्रांति पैदा की है। 2014 से 2024 के बीच भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने 2900 फसल किस्में विकसित की हैं, जिनमें से 2661 जलवायु-अनुकूल हैं। राष्ट्रीय जलवायु-अनुकूल कृषि नवाचार योजना के जरिए ये बीज गांव-गांव पहुंच रहे हैं। इनके साथ शून्य जुताई, फसल अवशेष प्रबंधन और सामुदायिक बीज भंडार जैसी व्यवस्थाएं भी जुड़ रही हैं। पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई गांवों में इन उपायों से फसल हानि 25 से 35 प्रतिशत तक घट चुकी है।

अब किसान अकेला नहीं, पूरा गांव मौसम की मार से लड़ रहा है। जलवायु-अनुकूल खेती की सबसे बड़ी ताकत यही है। देश के 151 जलवायु-संवेदनशील जिलों में 448 जलवायु-अनुकूल गांव बन चुके हैं। किसान उत्पादक संगठन, स्वयं सहायता समूह और ग्राम समितियां मिलकर मौसम, बाजार, बीज और पानी की जानकारी बांट रही हैं। कृषि विज्ञान केंद्र में महिलाएं और युवा प्रशिक्षण लेकर पशुपालन, मुर्गीपालन, मधुमक्खी पालन और मत्स्यपालन जैसे काम भी कर रहे हैं। इससे आय के कई रास्ते खुल रहे हैं। एक फसल खराब हो जाए, तब भी दूसरा काम परिवार को संभाले रखता है। यही कारण है कि यह मॉडल केवल खेती नहीं, गांव की नई ताकत बन गया है।

अब असर खेतों में साफ दिखाई दे रहा है। जहां पहले मौसम की मार से फसलों का नुकसान काफी अधिक होता था, वहीं जलवायु-अनुकूल खेती अपनाने वाले क्षेत्रों में नुकसान काफी कम हो गया है। किसानों की आय 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ी है। मिट्टी फिर से उपजाऊ हो रही है, जलस्तर सुधर रहा है और खेतों में जैव विविधता लौट रही है। जिन खेतों से पक्षी और छोटे जीव गायब हो गए थे, वहां फिर जीवन दिखाई देने लगा है। मिट्टी की कार्बन रोकने की क्षमता भी बढ़ रही है, जिससे पर्यावरण को लाभ मिल रहा है। 651 जिलों में जलवायु जोखिम का अध्ययन हो चुका है और 310 जिलों के लिए विशेष योजनाएं बन चुकी हैं। यह केवल खेती की जीत नहीं, आने वाले कल की सुरक्षा है।

अब समय आ गया है कि जलवायु-अनुकूल खेती कुछ इलाकों तक नहीं, पूरे देश तक पहुंचे। हर खेत, हर गांव और हर किसान इसका हिस्सा बने। सरकार, कृषि वैज्ञानिक, किसान संगठन और स्थानीय संस्थाएं मिलकर काम करें, तो भारत खेती का नया वैश्विक मॉडल बन सकता है। सबसे छोटे किसान तक बेहतर बीज, पानी बचाने की तकनीक, प्रशिक्षण और आर्थिक सहायता पहुंचनी चाहिए। जिस दिन देश का हर खेत मौसम की मार के सामने मजबूती से खड़ा होगा, उस दिन किसान केवल सुरक्षित नहीं, समृद्ध भी होगा। आने वाले वर्षों में यही मॉडल भारत को खाद्य सुरक्षा, मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था और विकसित भारत 2047 की दिशा में सबसे आगे ले जाएगा।

## विदेश की खबरें

### रूस, चीन ने होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के लिए लाए गए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का वीटो किया

**संयुक्त राष्ट्र :** रूस और चीन ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के उस प्रस्ताव को वीटो कर दिया, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना था और जिसमें बार-बार संशोधन किया गया था। प्रस्ताव में बार-बार संशोधन इस उम्मीद के साथ किया गया था कि ये दोनों देश इसपर मतदान से दूर रहेंगे। पंद्रह सदस्यीय यूनएसएससी में प्रस्ताव के पक्ष में 11 वोट और विरोध में दो वोट पड़े। वहीं, दो सदस्यों ने मतदान से दूरी बना ली।

### नेपाल ने भारत समेत छह देशों से अपने राजदूत वापस बुलाए

**काठमांडू :** नेपाल ने भारत समेत छह देशों से अपने राजदूत वापस बुला लिए हैं, जिन्हें केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के कार्यकाल में नियुक्त किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर छेत्री ने बताया कि सरकार ने एक मंत्रिमंडल फैसले के माध्यम से भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया और दक्षिण अफ्रीका में कार्यरत राजदूतों को वापस बुला लिया है। छेत्री के मुताबिक, जिन राजदूतों को वापस बुलाया गया है, उनमें शंकर प्रसाद शर्मा (भारत), चित्रलेखा यादव (ऑस्ट्रेलिया), सुमनिमा तुलाधर (डेनमार्क), पूर्ण बहादुर नेपाली (श्रीलंका), शिवमाया तुम्बाहम्फे (दक्षिण कोरिया) और कपिलमान श्रेष्ठ (दक्षिण अफ्रीका) शामिल हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3403



*ऊपर से नीचे:-* 1) अनपेक्षित, 2) वस्त्र, 3) सब, 4) अंतर्भाव, 5) देखभाल करनेवाला, 7) हक्काबक्का, 10) गाड़ीवाला, 13) सहायक, 14) शून्य प्राप्तांक, 16) हड्डियों का ढाँचा, 17) आवभगत, 18) अशुभ, 21) मियाँ-बीबी, 23) अर्थ, 26) नौकर; सेवक.
*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) शिशु, 3) रसपूर्ण, 6) ध्वज, 8) मिठास, 9) डंका, 11) धारावाही देय, 12) ज़ंजीर, 13) ख़्याल; नहीं, 14) भाग, 15) बाप, 16) तीर्थपुरोहित, 17) राख, 18) जी; इच्छा, 19) मेज़ में लगा ख़ाना, 20) अधिक, 21) मारधाड़, 22) लक्ष्मी, 24) बचाव, 25) घूँघट, 27) यशोमती, 28) स्वीकृति, 29) झेलना; भोगना, 30) भालू.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ब | न | ■ | बे | ख़ौ | फ़ | ■ | उ | ल्लू |
| ■ | हु | ■ | भा | ड़ा | ■ | स | ■ | सा | ■ |
| प | त | वा | र | ■ | ला | ल | सा | ही | न |
| रं | ■ | स | त | ल | ज | ■ | ह | ■ | ज |
| तु | ल | ना | ■ | पे | ■ | न | सी | ह | त |
| ■ | ज़ी | ■ | च | ट | प | ट | ■ | त्या | ■ |
| ग | ज़ | ब | ■ | ना | ला | ■ | पा | र | सी |
| द्दा | ■ | ला | ठी | ■ | य | था | र्थ | ■ | ल |
| र | टा | ■ | क | ठि | न | ■ | ■ | शा | न |

## सुडोकू-पहेली-3361

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 8 | | | 5 | | |
| 4 | | | | | | 3 | 7 | 8 |
| | 6 | 9 | | | | | | |
| | | | | | | 1 | | |
| | | 7 | 6 | | | | 8 | |
| | | | | 1 | 2 | 4 | 6 | |
| | | | 9 | | 5 | | | 3 |
| | | | | 8 | 1 | | | |
| | 8 | 5 | 3 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3360 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 3 | 6 | 5 |
| 5 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 |
| 3 | 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 |
| 1 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 |
| 6 | 7 | 8 | 5 | 3 | 9 | 4 | 1 | 2 |

# राजनाथ ने ममता बनर्जी पर 'तुष्टीकरण की राजनीति' करने का आरोप लगाया



भाजपा उम्मीदवार अर्जुन सिंह, पवन सिंह, पूर्व आईपीएस राजेश कुमार के नामांकन से पहले केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैरकपुर में एक विशाल जनसभा को किया संबोधित। इस दौरान, भाजपा अध्यक्ष शमीक भट्टाचार्य समेत अन्य पार्टी नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**कोलकाता :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला किया और उनकी सरकार पर 'तुष्टीकरण की राजनीति' करने, वोट-बैंक के लिए घुसपैठ को बढ़ावा देने तथा राज्य को 'कुशासन एवं भ्रष्टाचार' के दौर में धकेलने का आरोप लगाया। उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, सिंह ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की विरासत की बात करके बांग्लाभाषी मतदाताओं से भावनात्मक डोर जोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने वादा किया कि राज्य में भाजपा की सरकार आई तो चट्टोपाध्याय के पैतृक आवास को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने समाज को जाति, धर्म और संप्रदाय के आधार पर बांट दिया है, जबकि राजनीति इसके बजाय 'न्याय, मानवता और समानता' पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'ममता जी, मैं आपको एक सुझाव देना चाहता हूं। राजनीति करें, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति नहीं। राजनीति संतुष्टि की होनी चाहिए, तुष्टीकरण की नहीं।' भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, 'आपने समाज को जाति, धर्म और संप्रदाय के आधार पर बांटा है। जाति या धर्म के आधार पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। राजनीति, न्याय और मानवता या न्याय और समानता पर आधारित होनी चाहिए।' अवैध आव्रजन के मुद्दे पर भाजपा के हमले को तेज करते हुए, सिंह ने दावा किया कि बनर्जी घुसपैठ रोकने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि वह घुसपैठियों को एक राजनीतिक वोट बैंक के तौर पर देखती हैं। उन्होंने कहा, 'जहां तक घुसपैठियों की बात है, मैं भरोसे के साथ कह सकता हूं कि ममता जी उन्हें रोकना नहीं चाहतीं, क्योंकि वह उन्हें अपना वोट बैंक मानती हैं।' रक्षा मंत्री ने कहा कि जब वह केंद्रीय गृह मंत्री थे, तब केंद्र ने बीएसएफ द्वारा सीमा पर बाड़ लगाने के लिए राज्य सरकार से जमीन मांगी थी, लेकिन इस अनुरोध पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा, 'जब मैं गृह मंत्री था, तो हमने जमीन मांगी थी, ताकि बीएसएफ द्वारा सीमा पर बाड़ लगाई जा सके, लेकिन जमीन नहीं दी गई। शायद अब जाकर कुछ जमीन दी गई है।'

### 'टीएमसी का मतलब टोटल मिसरूल एंड करप्शन'

सिंह ने कहा कि अगर कोई उनसे पूछे कि टीएमसी का क्या मतलब है, तो वह कहेंगे कि इसका मतलब टोटल मिसरूल एंड करप्शन (पूरी तरह कुशासन और भ्रष्टाचार) है। मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए, सिंह ने दावा किया कि न्यायिक अधिकारियों को भी नहीं बख्शा गया। न्यायिक मजिस्ट्रेटों को भी बंधक बना लिया गया था। आपको भारत या दुनिया के इतिहास में ऐसी सरकार कहीं नहीं मिलेगी। इस बार, तृणमूल का पूरे बंगाल से सफाया होने वाला है। बंगाल के दूसरे राज्यों से पिछड़ने का दावा करते हुए सिंह ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार में लूट, अपहरण और हत्या की घटनाएं आम हो गई हैं। उन्होंने कहा, 'पश्चिम बंगाल में लगातार लूट और हत्या हो रही हैं। ममता जी, आप इस राज्य को कहां ले जाना चाहती हैं? भारत के दूसरे राज्यों की तुलना में आपने बंगाल को पीछे धकेल दिया है।'

# केंद्र की भाजपा सरकार ने चुनावी वादे पूरे न करके राजबंशियों को 'धोखा' दिया : अभिषेक



**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने चुनाव प्रचार के दौरान किए गए अपने पिछले वादे को पूरा न करके उत्तरी बंगाल के राजबंशी समुदाय के 'गौरव और आत्म-सम्मान' को ठेस पहुंचाई है। कूचबिहार ज़िले के नटबारी विधानसभा क्षेत्र में एक सभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने अभी तक पश्चिम बंगाल सरकार की उस माँग पर कोई जवाब नहीं दिया है, जिसमें राजबंशी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची के तहत मान्यता देने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने ऐसा करके राजबंशी समुदाय के 'गौरव और आत्म-सम्मान' को ठेस पहुँचाई है, जिनकी अपनी अनूठी एवं मूल संस्कृति और पहचान है। कूचबिहार ज़िले में मतदाताओं के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले समुदाय से झूठे वादे करने का आरोप लगाते हुए, उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और कहा, 'शाह ने 2019, 2021 और 2024 के चुनावी अभियानों में समुदाय के सदस्यों में से भारतीय सेना में 'नारायणी सेना' बटालियन बनाने का वादा किया था, लेकिन केंद्र ने अभी तक वह वादा पूरा नहीं किया है।' उन्होंने कहा, 'शाह जैसे भाजपा नेता जब भाजपा उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने राजबंशियों के इलाके में आते हैं, तो उन्हें 'दोस्त' बताते हैं और ढेरों वादे करते हैं; लेकिन चुनाव खत्म होते ही, वे दिल्ली लौट जाते हैं, इस समुदाय को पूरी तरह भुला देते हैं। मतुआ समुदाय समेत सभी समुदायों के प्रति शाह के दिखावटी प्रेम के मामले में भी यही सच है। यह भाजपा के धोखेबाज़ चेहरे की असलियत दिखाता है।' पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा का चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होगा। मतों की गिनती चार मई को होगी।

# कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए जारी किया घोषणापत्र, महिलाओं को मुफ्त शिक्षा का वादा



**कोलकाता :** कांग्रेस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करते हुए महिलाओं के लिए स्नातकोत्तर तक मुफ्त शिक्षा और एक वर्ष के भीतर सभी रिक्त सरकारी पदों पर युवाओं की भर्ती करने समेत कई वादे किये। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां पार्टी का घोषणापत्र जारी किया तथा पार्टी को लोगों के सामने तृणमूल कांग्रेस एवं भाजपा के अलावा तीसरे विकल्प के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा, 'बंगाल में अपने 15 वर्षों के शासनकाल में तृणमूल कांग्रेस ने राज्य के विकास के लिए कुछ खास नहीं किया है। निवेश और रोजगार सृजन की जरूरत है। भाजपा भी अर्थव्यवस्था या रोजगार सृजन की बात नहीं करती, बल्कि उसकी सिर्फ ध्रुवीकरण में दिलचस्पी है।' कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं के लिए प्रति माह 2000 रुपये की सहायता, स्नातकोत्तर तक मुफ्त शिक्षा एवं मुफ्त परिवहन सेवा का वादा किया है। पार्टी ने पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में एआई एवं कौशल विकास केंद्र खोलने का वादा किया। उसने हर परिवार के लिए 10 लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा का भी वादा किया है। उसके घोषणापत्र में सीमांत, भूमिहीन किसानों के लिए 15000 रुपये प्रति वर्ष एवं 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली का वादा किया गया है। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में 23 एवं 29 अप्रैल को चुनाव होंगे। मतों की गिनती चार मई को होगी।

### आज चुनाव आयोग से मुलाकात करेगा तृणमूल प्रतिनिधिमंडल

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से लोगों के नाम कटने से तृणमूल कांग्रेस बौखलाई हुई है। इसी मामले को लेकर दिल्ली में टीएमसी का डीलेगेशन चुनाव आयोग से बुधवार को मुलाकात करेगा। डेलिगेशन में डेरेक ओ'ब्रायन, मेनका गुरुस्वामी, सागरिका घोष, साकेत गोखले मौजूद रहेंगे। ये मुलाकात सुबह 10 बजे होगी। टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा कि अगर चुनाव आयोग बंगाल में 27 लाख मतदाताओं के नाम विचारधीन सूची से हटाता है तो वह अपराधी होगा। तृणमूल सांसद सागरिका घोष ने कहा कि 27 लाख लोग बंगाल की मतदाता सूची से डिलीट हो चुके हैं, पहले चरण की मतदाता सूची फ्रीज़ हो चुकी है। प्रश्न ये उठता है कि यदि कोई असली मतदाता वहां निकलता है तो वो कैसे अपना नाम पुन: दर्ज करवाएगा।

# हिंसा रोकने को हाई-टेक कंट्रोल रूम तैयार, 200 माइक्रो ऑब्जर्वर रखेंगे हर पल नजर

**90 स्क्रीन से लाइव मॉनिटरिंग, राज्यभर में 3000 कैमरे; संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए चुनाव आयोग ने व्यापक हाई-टेक निगरानी व्यवस्था तैयार की है। कोलकाता में अत्याधुनिक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से मतदान के दौरान हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी।

आयोग के सूत्रों के अनुसार, कंट्रोल रूम में लगाए गए 90 आधुनिक टीवी स्क्रीन के जरिए लाइव फुटेज की निगरानी की जाएगी। इसके लिए 200 माइक्रो ऑब्जर्वर लगातार ड्यूटी पर रहेंगे, जो बूथों के भीतर और बाहर की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे।

निगरानी केवल मतदान केंद्रों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आसपास के प्रमुख रास्तों और नाका चेकिंग पॉइंट्स पर भी नजर रखी जाएगी। इसके लिए पूरे राज्य में करीब 3000 कैमरे लगाए गए हैं। स्थिर कैमरों के अलावा गश्ती वाहनों पर भी विशेष कैमरे लगाए गए हैं, जो लगातार फुटेज भेजेंगे।

आयोग के विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता ने बताया कि इस बार निगरानी व्यवस्था में आधुनिक तकनीक का विशेष उपयोग किया जा रहा है। कंट्रोल रूम में आने वाले लाइव फुटेज का विश्लेषण करने के लिए विशेष सॉफ्टवेयर लगाया गया है, जिससे भीड़ में मौजूद संदिग्ध लोगों की पहचान करना आसान होगा।

उन्होंने बताया कि यदि किसी बूथ के आसपास अचानक भीड़ जमा होती है या कोई संदिग्ध गतिविधि होती है, तो सिस्टम स्वतः अलर्ट जारी करेगा, जिससे माइक्रो ऑब्जर्वर तुरंत कार्रवाई कर सकेंगे।

चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए मतदान से एक दिन पहले ही सभी कैमरों को सक्रिय कर दिया जाएगा। खासतौर पर संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं, जहां हर बूथ के अंदर दो और बाहर एक-कुल तीन कैमरे लगाए जाएंगे।

चुनाव आयोग की यह हाई-टेक व्यवस्था राज्य में निष्पक्ष, पारदर्शी और हिंसा-मुक्त मतदान सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

# बंगाल में बदलाव की लहर, भाजपा इस बार बड़े मार्जिन से जीतेगी : धर्मेंद्र प्रधान



**कोलकाता :** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कोलकाता के कालीघाट क्षेत्र में भाजपा नेता और रासबिहारी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी स्वपन दासगुप्ता के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर उन्होंने कालीघाट मंदिर में मां काली के दर्शन किए। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि वह पिछले दस दिनों से बंगाल में विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं और इस दौरान देखा गया कि जनता बढ़-चढ़कर भाजपा के समर्थन में आगे आ रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार भारतीय जनता पार्टी बड़े मार्जिन के साथ चुनाव जीत रही है। एसआईआर प्रक्रिया को लेकर उन्होंने कहा कि यह एक संवैधानिक और सामान्य प्रक्रिया है, जो देश के विभिन्न राज्यों में पहले भी लागू हो चुकी है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल भारतीय नागरिकों का ही वोटिंग अधिकार रहे। उन्होंने कहा, मूल सवाल यह है कि बंगाल में वोट किसके लिए होना चाहिए – घुसपैठियों के या बंगाली नागरिकों के? धर्मेंद्र प्रधान ने स्वपन दासगुप्ता को विद्वान, पत्रकार और मौलिक चिंतक बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में रासबिहारी में बदलाव की दिशा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि जनता ममता बनर्जी के कुशासन से तंग आ चुकी है और युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं के लिए सुरक्षा और बंगाली जनता के लिए शासन चाहिए। उन्होंने राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि पिछले तीन दशकों के कम्युनिस्ट शासन और हाल के 15 वर्षों में ममता सरकार के कुशासन के कारण शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आने पर शिक्षकों की नियुक्ति और संसाधनों की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, इस बार रासबिहारी में स्वपन दासगुप्ता बड़े अंतर से जीतेंगे। मां काली का आशीर्वाद हमारे साथ है और बंगाल की जनता बदलाव की ओर बढ़ रही है।

### कोलकाता में हर थाना इलाके के 10 'कुख्यातों' की सूची तैयार कर रही पुलिस

- ❑ **कदम के पीछे निर्वाचन आयोग की हालिया सख्ती एक बड़ी वजह**

**कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कोलकाता पुलिस ने एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत शहर के प्रत्येक थाना क्षेत्र में ऐसे 10 लोगों की पहचान की जा रही है, जो चुनाव के दौरान गड़बड़ी फैलाने की आशंका रखते हैं। पुलिस की भाषा में इन्हें 'अत्यंत कुख्यात अशांति फैलाने वाले' कहा जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सभी थाना क्षेत्रों से ऐसे 10 संदिग्ध व्यक्तियों की सूची तैयार कर संबंधित उपायुक्त को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इन संदिग्धों पर नजर रखने के साथ ही जरूरत पडऩे पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है। इस कदम के पीछे निर्वाचन आयोग की हालिया सख्ती भी एक बड़ी वजह है। मार्च के अंत में आयोग ने 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा के आरोपितों की पहचान कर उनके खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इस सिलसिले में पुलिस मुख्यालय लालबाजार में पुलिस अधिकारियों और आयोग के प्रतिनिधियों के बीच बैठक भी हुई थी। बैठक में आयोग ने गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट को लागू करने और 2021 के चुनाव बाद की हिंसा के साथ-साथ 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले, मतदान के दिन और बाद में हुई घटनाओं में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा था। इसके अलावा, उन पुलिस अधिकारियों की सूची भी मांगी गई थी जो उस समय संबंधित थानों में तैनात थे।

### कालीघाट से कंगना का चुनावी शंखनाद, मां काली के दरबार में टेका माथा



**कोलकाता, समाज्ञा :** मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत मंगलवार को कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। बता दें कि कालीघाट मंदिर में उनके पहुंचते ही माहौल उत्साह और जोश से भर गया। समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जय श्रीराम और कंगना रनौत जिंदाबाद के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा गया। मंदिर में पूजा के बाद कंगना अब राज्य के विभिन्न हिस्सों में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में तूफानी प्रचार करने के लिए तैयार हैं। उनके रोड शो, जनसभाएं और आक्रामक चुनावी अंदाज आने वाले दिनों में बंगाल की राजनीति को और गर्माने वाले हैं।

# तृणमूल का आरोप-नंदीग्राम में अपने दौरे में भाजपा नेता के साथ दिखे सीईओ

- ❑ **भाजपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को 'भगवान' बताकर किया बचाव**



**कोलकाता :** बंगाल में चुनावी माहौल के बीच नंदीग्राम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दौरे को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल अपने दौरे के दौरान एक स्थानीय भाजपा नेता के साथ नजर आए। पिछले शनिवार को मनोज अग्रवाल ने नंदीग्राम का दौरा किया था, जहां उन्होंने विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया और आम लोगों से बातचीत की।

मंगलवार को तृणमूल ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर कुछ तस्वीरें जारी कीं और दावा किया कि इन तस्वीरों में उनके साथ दिख रहा व्यक्ति भाजपा से जुड़ा है। तृणमूल भवन में प्रेस वार्ता में राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और पार्टी नेता कुणाल घोष ने मनोज अग्रवाल की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। पार्टी के मुताबिक, तस्वीर में लाल घेरे में दिख रहा व्यक्ति तपन कुमार महापात्र है, जो नंदीग्राम के कालीचरणपुर क्षेत्र में भाजपा का स्थानीय संयोजक है और सुवेंदु अधिकारी का करीबी माना जाता है। कुणाल घोष ने आरोप लगाया कि एक सीईओ भाजपा के कैडर के साथ घूम रहे हैं, जो चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। तृणमूल ने यह भी पूछा कि दौरे की शुरुआत नंदीग्राम से ही क्यों की गई।

वहीं, भाजपा ने इन आरोपों से पूरी तरह इन्कार नहीं किया, लेकिन इसे अलग तरीके से पेश किया। नंदीग्राम के भाजपा नेता प्रलय पाल ने कहा कि मनोज अग्रवाल पूरी निष्पक्षता के साथ काम कर रहे हैं और आम लोगों के लिए भगवान जैसे बन गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की राजनीतिक पहचान से अलग उसकी निजी आस्था भी हो सकती है और अगर कोई व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से किसी से मिलने जाता है तो उसमें गलत क्या है।

# राज्य के सभी पर्यवेक्षकों के साथ बैठक करेंगे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार

- ❑ **पर्यवेक्षकों के कामकाज और चुनाव तैयारियों की समीक्षा की जाएगी**
- ❑ **कई मतदान केंद्रों पर पर्याप्त बुनियादी सुविधाएं नहीं होने को लेकर जताई नाराजगी**

**कोलकाता :** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार बुधवार को राज्य के सभी पर्यवेक्षकों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में पर्यवेक्षकों के कामकाज और चुनाव तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही राज्य के कई मतदान केंद्रों पर पर्याप्त बुनियादी सुविधाएं नहीं होने को लेकर निर्वाचन आयोग ने नाराजगी जताई है।

आयोग का कहना है कि बूथों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन बार-बार निर्देश देने के बावजूद इस दिशा में संतोषजनक काम नहीं हुआ। अब आयोग ने नवान्न (राज्य सचिवालय) को निर्देश दिया है कि प्रत्येक जिले में सचिव स्तर के एक अधिकारी की नियुक्ति की जाए। ये अधिकारी बूथों पर मौजूद सुविधाओं की समीक्षा करेंगे और आवश्यक सुधार सुनिश्चित करेंगे। बंगाल में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि पुलिस पर्यवेक्षकों की संख्या इस बार पहले की तुलना में काफी बढ़ा दी गई है। आमतौर पर एक पुलिस जिला या आयुक्तालय के लिए एक ही पुलिस पर्यवेक्षक होता है, लेकिन इस बार उनकी संख्या दोगुने से भी अधिक कर दी गई है। आयोग की सख्ती और लगातार समीक्षा बैठकों से साफ है कि इस बार चुनाव को निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# शुभेंदु अधिकारी ने कई 'साफ' तृणमूल कार्यकर्ताओं को पार्टी में किया शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा**



नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने दक्षिण 24 परगना के गोसाबा ब्लॉक सहित सुंदरबन क्षेत्र के कई तृणमूल कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि जिला परिषद के उपाध्यक्ष अनिमेष मंडल सहित पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत के कई वर्तमान जनप्रतिनिधि तथा तृणमूल कांग्रेस के विभिन्न स्तरों के नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि इन घटनाक्रमों के परिणामस्वरूप गोसाबा ब्लॉक में तृणमूल कांग्रेस लगभग शून्य हो गई है और सुंदरबन क्षेत्र में राजनीतिक परिवर्तन की शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने आगे बताया कि आने वाले दिनों में गोसाबा में एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी, जिसमें भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति की अपेक्षा है।

- ❑ **'राशन घोटाले को स्वतंत्रता के बाद का सबसे बड़ा वित्तीय घोटाला बताया'**

पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने राशन घोटाले को स्वतंत्रता के बाद का सबसे बड़ा वित्तीय घोटालों में से एक बताया और कहा कि इसमें शामिल लोगों के खिलाफ जांच एवं गिरफ्तारियां पहले ही हो चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस भ्रष्टाचार में सत्तारूढ़ दल के शीर्ष स्तर के नेताओं की संलिप्तता है। मतदाता सूची शुद्धिकरण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि मृत, फर्जी एवं एकाधिक नाम वाले मतदाताओं को हटाया जा रहा है और यह एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने दावा किया कि इस प्रक्रिया को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है और आम जनता में भय उत्पन्न करने की कोशिश की जा रही है।

- ❑ **भाजपा नेता का दावा, राज्य में राजनीतिक परिवर्तन के पक्ष में जनमत बन रहा**

कानून-व्यवस्था की स्थिति पर उन्होंने अतीत की हिंसक घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने केंद्रीय बलों की भूमिका पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से संपन्न होगी। उन्होंने यह भी कहा कि रोजगार के अभाव में बड़ी संख्या में युवाओं को राज्य के बाहर काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो राज्य की आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य में राजनीतिक परिवर्तन के पक्ष में जनमत बन रहा है और आगामी चुनावों में इसका स्पष्ट प्रतिबिंब देखने को मिलेगा।

# नैहाटी थाने का प्रभारी निलंबित, पुलिस वाहन में तृणमूल नेता को घुमाने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने नैहाटी थाने के प्रभारी (आईसी) महाबीर बेरा को निलंबित कर दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने नामांकन दाखिल करने के दौरान नैहाटी नगरपालिका के चेयरमैन को पुलिस की गाड़ी से महकमा शासक (एसडीओ) कार्यालय तक पहुंचाया था। इस मामले की शिकायत भाजपा ने निर्वाचन आयोग से की थी, जिसके बाद सोमवार की रात आयोग ने निलंबन का आदेश जारी किया। जानकारी के अनुसार, पहले चरण के चुनाव (23 अप्रैल) के लिए सोमवार नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। इसी दिन, बैरकपुर महकमा शासक कार्यालय में नैहाटी से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार सनत दे ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान, नैहाटी नगरपालिका के चेयरमैन अशोक चट्टोपाध्याय भी वहां मौजूद थे। आरोप है कि अशोक चट्टोपाध्याय जिस वाहन से कार्यालय पहुंचे, वह पुलिस की गाड़ी थी और उन्हें वहां तक नैहाटी थाने के प्रभारी महाबीर बेरा लेकर गए थे।

इस घटना का एक वीडियो सामने आने का दावा करते हुए भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य पुलिस से निष्पक्ष कार्य कराने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस तरह की घटनाएं आचार संहिता के उल्लंघन को दर्शाती हैं। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की। इसके बाद, निर्वाचन आयोग ने जारी आदेश में कहा कि महाबीर बेरा के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है और जांच पूरी होने तक उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उन्हें मूल वेतन का आधा हिस्सा तथा अन्य भत्ते नियमों के अनुसार दिए जाएंगे। फिलहाल, आयोग ने उपनिरीक्षक प्रकाश धाड़ा को नैहाटी थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया है।

# बंगाल में भाजपा का सत्ता में आना तय, घुसपैठियों को वापस भेजा जाएगा : शाह



**पाथरकांडी/कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में 'परिवर्तन' निश्चित है और इस राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आते ही सभी घुसपैठियों को उनके देशों में वापस भेज दिया जाएगा। शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि कांग्रेस ने असम की बराक घाटी में अवैध प्रवासियों को शरण दी, जिससे उन्होंने श्रीभूमि, सिलचर और कछार जिलों में अपना 'दबदबा' बना लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध इसलिए करती है क्योंकि उसे पता है कि यह कानून सुनिश्चित करेगा कि राज्य में कोई घुसपैठिया न रहे। उन्होंने आरोप लगाया, 'बांग्लादेश से सताए गए हिंदू इस कानून के दायरे में आते हैं... कांग्रेस इसका विरोध करती है, लेकिन पार्टी मुस्लिम घुसपैठियों के स्वागत के लिए रेड कार्पेट बिछाती है।' शाह ने कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है और देश में 'घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है'। गृह मंत्री ने कहा, 'पश्चिम बंगाल में 'परिवर्तन' तय है। जैसे ही भाजपा राज्य में सत्ता में आएगी, असम, त्रिपुरा और बंगाल से सभी घुसपैठियों को उनके देशों में वापस भेज दिया जाएगा।' उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस 'घुसपैठियों की मदद से सत्ता में आना चाहती है, लेकिन राहुल बाबा को समझ लेना चाहिए कि उनकी तीन पीढ़ियां भी असम को घुसपैठियों की भूमि नहीं बना सकतीं।' हैलाकांडी में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया कि कांग्रेस ने असम में मुस्लिम छात्रों के लिए 700 मदरसे बनाए, लेकिन भाजपा ने उनमें से 402 को प्राथमिक विद्यालयों में बदल दिया ताकि उन्हें भी आधुनिक शिक्षा मिल सके। केंद्रीय गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि जब से राहुल गांधी पार्टी में सबसे आगे आए हैं, कांग्रेस के नेतागण 'सार्वजनिक जीवन में बहुत नीचे गिर गए हैं'। उन्होंने दावा किया, 'कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान से यह बात साबित हो गई है। उन्होंने दावा किया कि केरल के मतदाताओं की तुलना में गुजराती निरक्षर हैं।' शाह ने खरगे पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा को सांप कहने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस पर दिल्ली में एआई समिट में प्रदर्शन करके देश को अपमानित करने का आरोप भी लगाया। शाह ने कहा, 'राहुल गांधी अपने प्रदर्शनकारियों को बब्बर शेर कहते हैं जो दिखाता है कि कांग्रेस निचले स्तर पर गिर गई है।'

## गोरखा समाज का देशप्रेम बेमिसाल : शेखावत

❑ **गोरखा समाज के लोगों से केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने की मुलाकात**

❑ **कहा, देशभक्त नागरिकों ने ठाना है, पश्चिम बंगाल में कमल खिलाना है**



**सिलीगुड़ी :** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि गोरखा समाज का देशप्रेम बेमिसाल है। वे न केवल सीमाओं पर मातृभूमि की रक्षा में अग्रणी हैं, बल्कि समाज और क्षेत्र के विकास के प्रति भी समान रूप से प्रतिबद्ध रहते हैं। भारत के हित से समझौता गोरखा समाज को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं है।

मंगलवार को दार्जिलिंग-सिलीगुड़ी क्षेत्र में गोरखा समाज के लोगों से मुलाकात के बाद शेखावत ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि मानने वाले लोगों ने अब पश्चिम बंगाल में राजनीतिक बदलाव का मन बना लिया है। ऐसे देशभक्त नागरिकों ने ठान लिया है कि इस बार राज्य में कमल खिलाना है और राष्ट्रहित की अनदेखी करने वाली राजनीति को जवाब देना है।

शेखावत ने जलपाईगुड़ी जिले के नगरकट्टा विधानसभा क्षेत्र के चाय बागानों में कार्यरत श्रमिकों से भी मुलाकात की। उन्होंने श्रमिकों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं की जमीनी हकीकत जानी। शेखावत ने कहा कि पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था और आबादी में महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद इन श्रमिकों की लंबे समय से उपेक्षा की जा रही है, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार श्रमिकों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते भी मौजूद रहे।

### मोथाबाड़ी घटना पर सख्ती, मुख्य चुनाव आयुक्त की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आज

**कोलकाता :** मोथाबाड़ी घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी के बाद पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारियों पर दबाव बढ़ गया है। इसी के मद्देनज़र चुनाव आयोग ने एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार, बुधवार को होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार करेंगे। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव दुष्यंत नारियाल, गृह सचिव, विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक शामिल होंगे। इस बैठक में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल की भी उपस्थिति रहेगी। बताया जा रहा है कि आयोग चुनाव की तैयारियों की मौजूदा स्थिति की विस्तृत समीक्षा करेगा और जिलों से जमीनी हालात की जानकारी ली जाएगी।

## पालिका भर्ती घोटाले में ईडी ने ममता सरकार के दो मंत्रियों को किया तलब

### मंत्री सुजीत बोस को फिर पूछताछ के लिए बुलाया, मंत्री रथीन घोष ने ईडी से मांगा समय

**कोलकाता :** बंगाल के पालिका भर्ती भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य के दमकल मंत्री सुजीत बोस को एक बार फिर तलब किया है। पिछले शुक्रवार को ही उन्हें नोटिस भेजकर पेश होने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, निर्धारित दिन सोमवार को पेश होने के बजाय मंत्री सुजीत ने ईडी से समय की मांग की और बताया कि वह कब उपस्थित हो सकेंगे। इसके बावजूद ईडी ने उन्हें दोबारा समन भेजा है और सूत्रों के अनुसार, इस सप्ताह ही उन्हें सीजीओ काम्प्लेक्स में हाजिर होने को कहा गया है।

सिर्फ सुजीत बोस ही नहीं, इस मामले में राज्य के खाद्य मंत्री रथीन घोष भी ईडी के रडार पर हैं। उन्हें भी पालिका भर्ती मामले में तलब किया गया था और बुधवार को पेश होने के लिए कहा गया था। लेकिन उन्होंने भी ईडी से अतिरिक्त समय मांगा है। गौरतलब है कि आगामी विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने दोनों मंत्रियों को फिर से उम्मीदवार बनाया है। सुजीत बोस विधाननगर सीट से और रथीन घोष मध्यग्राम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले भी इस मामले में रासबिहारी विधानसभा क्षेत्र के तृणमूल उम्मीदवार और पूर्व विधायक देवाशीष कुमार को ईडी ने तलब किया था। जमीन कब्जा मामले में उनसे तीन बार पूछताछ की जा चुकी है। चुनाव से पहले पार्टी के तीन उम्मीदवारों को तलब किए जाने को तृणमूल कांग्रेस 'राजनीतिक प्रतिशोध' के रूप में देख रही है।

उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2023 में पालिका भर्ती भ्रष्टाचार मामले में मंत्री रथीन घोष से ईडी ने पूछताछ की थी और उस समय उनके घर पर छापेमारी भी की गई थी। वहीं, जनवरी 2024 और अक्टूबर 2025 में मंत्री सुजीत बोस के दफ्तर और आवास पर भी ईडी ने छापे मारे थे। इसके अलावा उनके करीबी सहयोगियों के ठिकानों पर भी तलाशी अभियान चलाया गया था।

## अर्ध-सरकारी शिक्षाकर्मियों के बकाया डीए भुगतान की प्रक्रिया शुरू

### संबंधित कर्मियों का विस्तृत डाटा जुटाने की प्रक्रिया शुरू

**कोलकाता :** बंगाल में अर्ध-सरकारी शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े शिक्षक और शिक्षाकर्मियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। लंबे समय से लंबित महंगाई भत्ता (डीए) के भुगतान को लेकर राज्य सरकार ने आखिरकार पहल शुरू कर दी है। शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन में संबंधित कर्मियों का विस्तृत डाटा जुटाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

सूत्रों के अनुसार, स्कूल स्तर पर शिक्षकों और कर्मचारियों की जानकारी एकत्र की जा रही है, साथ ही यह भी तय किया जा रहा है कि किसे कितना डीए मिलना है। केवल स्कूल ही नहीं, बल्कि विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का भी पूरा ब्योरा उच्च शिक्षा विभाग ने मांगा है। इससे साफ है कि पूरे शिक्षा क्षेत्र में बकाया डीए भुगतान की तैयारी तेज हो गई है। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, जनवरी 2016 से मार्च 2016 तक की अवधि का विशेष रूप से डेटा जुटाया जा रहा है। इस दौरान कर्मचारियों के पद, वेतन संरचना, बैंड पे और अकादमिक ग्रेड पे जैसी सभी जानकारियां एकत्र की जा रही हैं। जनवरी, फरवरी और मार्च-तीनों महीनों के लिए अलग-अलग हिसाब तैयार किया जा रहा है, ताकि भुगतान में कोई त्रुटि न हो। जानकारी मिल रही है कि सभी आंकड़ों के सत्यापन के बाद 'मैचिंग आर्डर' जारी किया जाएगा, जिसके बाद बकाया डीए का भुगतान औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगा।

गौरतलब है कि 15 मार्च को विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंटरनेट मीडिया पर कहा था कि राज्य सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ शिक्षक, पंचायत, नगरपालिका कर्मी और अनुदान प्राप्त संस्थानों के कर्मचारी भी डीए पाने के हकदार हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया था कि रोपा-2009 के तहत मार्च 2026 से बकाया डीए भुगतान शुरू किया जाएगा। हालांकि शुरुआत में केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रक्रिया शुरू होने से शिक्षकों के बीच असमंजस की स्थिति बन गई थी। लेकिन हाल ही में नवान्न में वित्त विभाग और शिक्षा विभाग की बैठक के बाद स्थिति स्पष्ट होती दिख रही है। अधिकारियों का दावा है कि अब किसी तरह की अनिश्चितता नहीं रहेगी और सभी स्तर के शिक्षक व शिक्षाकर्मी चरणबद्ध तरीके से अपने बकाया डीए का भुगतान प्राप्त करेंगे।

## पापिया के बाद रूपा गांगुली के नामांकन पर बवाल, बारुईपुर में आमने-सामने भाजपा-तृणमूल

❑ **दोनों पक्षों में नारेबाजी से बढ़ा तनाव, आरोप-रैली रोकने की कोशिश; समय पर दाखिल हुआ नामांकन**



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच नामांकन प्रक्रिया को लेकर तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है। टॉलीगंज में भाजपा उम्मीदवार पापिया अधिकारी के बाद अब सोनारपुर दक्षिण सीट से भाजपा प्रत्याशी रूपा गांगुली के नामांकन को लेकर बारुईपुर में मंगलवार को फिर तनाव की स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार, रूपा गांगुली नामांकन दाखिल करने के लिए रैली निकालकर बारुईपुर महकुमा कार्यालय की ओर जा रही थीं। इसी दौरान दूसरी ओर से कुलतली विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार गणेश मंडल के समर्थन में एक जुलूस आ रहा था।

दोनों रैलियां आमने-सामने आने पर माहौल अचानक गर्म हो गया। भाजपा और तृणमूल समर्थकों के बीच जमकर नारेबाजी हुई। एक ओर जय श्रीराम के नारे लगे, तो दूसरी ओर जय बांग्ला के नारे गूंजने लगे, जिससे इलाके में तनाव फैल गया।

भाजपा प्रत्याशी रूपा गांगुली ने आरोप लगाया कि उनकी रैली को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन तृणमूल समर्थक इसमें सफल नहीं हो सके।

हालांकि कुछ समय बाद स्थिति सामान्य हो गई और किसी बड़े टकराव से पहले ही हालात काबू में आ गए। इसके बाद रूपा गांगुली ने समय पर पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल कर दिया।

गौरतलब है कि चुनाव के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में नामांकन प्रक्रिया को लेकर लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे राजनीतिक माहौल और अधिक गर्म होता जा रहा है।

## विधानसभा चुनाव : आसनसोल उत्तर सीट पर एक ही नाम के तीन उम्मीदवार, बना चर्चा का विषय

**आसनसोल :** विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र आसनसोल उत्तर विधानसभा सीट पर एक दिलचस्प और असामान्य स्थिति देखने को मिली, जब नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी के दौरान एक ही नाम के तीन उम्मीदवार सामने आ गए। इस घटना ने न सिर्फ प्रशासनिक अधिकारियों को कुछ समय के लिए उलझन में डाला, बल्कि राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज कर दी है।

मंगलवार को आसनसोल एसडीएम कार्यालय में स्क्रूटनी की प्रक्रिया चल रही थी। विभिन्न उम्मीदवार अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान जब अधिकारियों ने नाम पुकारना शुरू किया, तो शुरुआत में सब सामान्य लगा, लेकिन स्थिति तब चौंकाने वाली हो गई जब एक के बाद एक 'कृष्णेंदु' नाम सामने आने लगा। पहले 'कृष्णेंदु मुखर्जी' का नाम पुकारा गया, उसके बाद 'कृष्णेंदु चटर्जी' और अंत में भाजपा उम्मीदवार 'कृष्णेंदु मुखर्जी'। एक ही सीट पर एक जैसे नाम वाले तीन उम्मीदवारों के होने से वहां मौजूद लोग हैरान रह गए और कुछ समय के लिए अधिकारियों को भी स्पष्ट करना पड़ा कि कौन किस पार्टी या निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहा है। इस घटनाक्रम के बाद मौके पर मौजूद अन्य उम्मीदवारों और समर्थकों के बीच चर्चाएं शुरू हो गईं। राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। कई लोगों का मानना है कि यह मतदाताओं को भ्रमित करने की एक रणनीति हो सकती है, जिससे वोटों का बंटवारा किया जा सके।

## पहले चुनाव परिणाम, फिर परीक्षा-कोलकाता विश्वविद्यालय ने बदला परीक्षा कार्यक्रम

### सुरक्षा और प्रशासनिक कारणों से लिया निर्णय, 5 मई के बाद होंगी स्थगित परीक्षाएं

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को देखते हुए कोलकाता विश्वविद्यालय ने परीक्षा कार्यक्रम में बड़ा बदलाव किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुरक्षा और प्रशासनिक व्यस्तताओं को ध्यान में रखते हुए कुछ परीक्षाओं को स्थगित करने का फैसला लिया है।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, 10, 11 और 13 अप्रैल को निर्धारित परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी। हालांकि इसके बाद की परीक्षाओं में बदलाव किया गया है।

बताया गया है कि 25 अप्रैल तक प्रस्तावित सभी परीक्षाएं अब स्थगित कर दी गई हैं और इन्हें चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद, यानी 5 मई के बाद आयोजित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय सूत्रों के मुताबिक, चुनाव के कारण सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव रहता है, जिससे परीक्षा संचालन प्रभावित हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि किसी भी तरह का जोखिम न रहे और परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न कराई जा सकें।

गौरतलब है कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद से ही परीक्षा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर आसपास के कॉलेजों में परीक्षा आयोजित करने की संभावना पर भी विचार किया था, लेकिन परिस्थितियों का आकलन करने के बाद अंततः परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

इस फैसले से छात्रों को कुछ समय के लिए राहत जरूर मिली है, लेकिन परीक्षा तिथियों में बदलाव के कारण उनकी शैक्षणिक दिनचर्या प्रभावित होने की भी संभावना है।

### कोलकाता और अमृतसर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा गर्मियों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को संभालने के लिए कोलकाता और अमृतसर के बीच स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही है। 04624 अमृतसर-कोलकाता स्पेशल ट्रेन 13 अप्रैल 2026 से 29 जून 2026 तक प्रत्येक सोमवार को (कुल 12 फेरे) अमृतसर से रात 20:10 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 15:00 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं, 04623 कोलकाता-अमृतसर स्पेशल 16 अप्रैल 2026 से 2 जुलाई 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को (कुल 12 फेरे) सुबह 05:00 बजे कोलकाता से रवाना होकर तीसरे दिन 00:40 बजे अमृतसर पहुंचेगी। यह ट्रेन नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, स्लीपर क्लास और वातानुकूलित कोच की व्यवस्था की गई है।

### पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने सुरक्षा सतर्कता और उत्कृष्ट कार्य के लिए दो कर्मचारियों को किया सम्मानित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे मुख्यालय में मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने दो कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट सुरक्षा सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया। सम्मानित कर्मचारियों में संदीप तिवारी, लोको पायलट (गुड्स)/रानीगंज और शुभम गोराई, असिस्टेंट लोको पायलट/रानीगंज शामिल हैं। 30 मार्च 2026 को मेजिया थर्मल पावर स्टेशन साइडिंग से रानीगंज तक के गूड्स ट्रेन के सफर के दौरान, दोनों ने रेल पथ पर किसी अवरोध का पता लगाकर आपात ब्रेक का उपयोग किया और ट्रेन को सुरक्षित रूप से रोका, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सका। महाप्रबंधक ने कहा कि यह घटना लोको पायलट और असिस्टेंट लोको पायलट की उच्च सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है। दोनों कर्मचारियों को उनके परिवार के साथ मुख्यालय बुलाकर सम्मानित किया गया। पूर्व रेलवे अपने कर्मचारियों को असली संपत्ति मानता है और इस प्रकार के प्रदर्शन को प्रोत्साहित करना उनकी कार्यक्षमता और मनोबल के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कर्मचारियों के जीवनसाथियों की सराहना भी की, जिन्होंने अपने पतियों का समर्थन करते हुए रेलवे के प्रति समर्पण बनाए रखा।




राजस्थान और उड़ीसा के स्थापना दिवस के अवसर पर पश्चिम बंगाल के महामहिम राज्यपाल आर.एन. रवि ने सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी विकास माधोगढ़िया को सम्मानित किया। इस अवसर पर उद्योगपति इंदरचंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

### कोलकाता में कार्यालय लेनदेन क्यू1 2026 में 125% बढ़ा

**कोलकाता :** नाइट फ्रैंक इंडिया ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट, इंडिया रियल एस्टेट: ऑफिस और रेसिडेंशियल (जनवरी – मार्च 2026) क्यू1 2026 में उल्लेख किया है कि कोलकाता के कार्यालय बाजार में लेनदेन 125% बढ़ा है, जो प्रतिशत के आधार पर देश (शीर्ष आठ बाजारों में) में सबसे अधिक लेनदेन वृद्धि को दर्शाता है। शहर में क्यू1 2026 के दौरान 0.4 मिलियन वर्ग फुट कार्यालय लेनदेन दर्ज किया गया, जो क्यू1 2025 में 0.2 मिलियन वर्ग फुट था। शहर का औसत लेनदेन किराया वर्ष-दर-वर्ष 15% बढ़कर 48.3 प्रति वर्ग फुट प्रति माह हो गया। किराया मूल्य में यह वृद्धि देश में सबसे अधिक दर्ज की गई है। शहर में रिक्तता स्तर में भी लगभग 500 आधार अंक का सुधार हुआ है, जो क्यू1 2025 में 34.1% से घटकर क्यू1 2026 में 28.8% हो गया। जॉयदीप पॉल, सीनियर डायरेक्टर – ऑक्यूपायर स्ट्रैटेजी एंड सॉल्यूशंस तथा इंडस्ट्रियल एंड लॉजिस्टिक्स, नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा, हाल के वर्षों में फ्लेक्स स्पेस लेनदेन में तेज वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि कोलकाता एक सीमित आउटसोर्सिंग केंद्र से तेजी से विस्तारित हो रहे फ्लेक्स बाजार में परिवर्तित हो रहा है, जहाँ एंटरप्राइज़ की रुचि बढ़ रही है।

### टाइगर श्रॉफ 'जिम घर लाओ' कैंपेन के साथ स्लोविक के ब्रांड एंबेसडर बने

**कोलकाता :** स्लोविक ने एक्टर और फिटनेस आइकन टाइगर श्रॉफ को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इस साझेदारी के मौके पर, ब्रांड ने अपना नया कैंपेन 'स्लोविक: जिम घर लाओ' भी लॉन्च किया है। यह कैंपेन इस सोच पर आधारित है कि अगर ज़िंदगी की वजह से जिम जाना मुश्किल हो रहा है, तो स्लोविक के साथ जिम को ही घर ले आओ। स्लोविक लोगों की ज़िंदगी को आसान बनाने और पूरे भारत में फिटनेस को आम लोगों तक पहुँचाने का काम कर रहा है। एक्टर टाइगर श्रॉफ ने कहा, फिटनेस हमेशा से मेरी ज़िंदगी का एक अहम हिस्सा रही है। इसीलिए स्लोविक का ब्रांड एंबेसडर बनना मुझे बहुत स्वाभाविक लगा। मैं ब्रांड के इस विज़न से पूरी तरह जुड़ा हुआ हूँ कि फिटनेस को और भी आसान, ज़्यादा लोगों तक पहुँचाने लायक और रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाया जाए। स्लोविक के को-फ़ाउंडर, आकिब मोहम्मद ने कहा, टाइगर श्रॉफ का स्लोविक के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर जुड़ना, इस बात का एक मज़बूत सांस्कृतिक संकेत है कि यह ब्रांड किस दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### घाटाल में सड़क हादसे में व्यवसायी की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के घाटाल थाना अंतर्गत मनशुका माधवचक निवासी एक व्यवसायी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान पलाश दोलुई (50) के रूप में हुई है। बताया गया है कि पलाश मूल रूप से माधवपुर के निवासी थे, किंतु, वर्तमान में, वह कुशपाता स्थित अपने एक रिश्तेदार के घर पर रह रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार, पलाश घाटाल शहर के न्यू मार्केट स्थित साधुपाल बिल्डिंग में बिजली के सामान की दुकान थी। सोमवार की रात लगभग 9:40 बजे वह दुकान बंद कर अपने घर लौट रहे थे, तभी 12 हाथ काली मंदिर के समीप घाटाल-मेचोग्राम मार्ग पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल घाटाल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मालदह में सट्टेबाजी के चक्कर में कर्ज में डूबे युवक ने की आत्महत्या

**मालदह :** जिले से एक घटना सामने आई है, जहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सट्टा लगाने के चलते एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान अपू पोद्दार (26) के रूप में हुई है, जो ओल्ड मालदह के मंगलबाड़ी क्षेत्र के झांझरा गांव का निवासी था। वह पेशे से एक गोदाम कर्मचारी था और अपने पत्नी, तीन साल के बेटे और माता-पिता के साथ रहता था। परिवार के अनुसार, आईपीएल शुरू होने के बाद अपू ने एक स्थानीय कारोबारी से करीब 50 हजार रुपये ऊंचे ब्याज पर उधार लिए थे। बताया जा रहा है कि उसने उधार रकम सट्टेबाजी में लगा दी, लेकिन पूरा पैसा हार गया। इसके बाद, कर्ज का दबाव और सामाजिक शर्मिंदगी के डर से वह पिछले कुछ दिनों से गहरे मानसिक तनाव में था। सोमवार की दोपहर घर से निकलने के बाद वह वापस नहीं लौटा। रात को उसने अपनी मां को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर अपने छोटे बेटे को आखिरी बार देखने की इच्छा जताई और कहा अब मुझे नहीं देख पाओगी। इसके बाद, उसका फोन बंद हो गया। परिवार ने जब उसकी तलाश शुरू की और कोई सुराग नहीं मिला, तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर घर से करीब एक किलोमीटर दूर एक सुनसान मकान में उसका शव फंदे से लटका हुआ बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे : बड़ाबाजार लाइब्रेरी में राष्ट्रभक्ति का भव्य संगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर बड़ाबाजार लाइब्रेरी में आयोजित 'अंतरंग काव्य गोष्ठी' में राष्ट्रभक्ति और साहित्य का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती तथा अज्ञेय और झलकारी बाई की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री जय गोपाल गुप्ता के नेतृत्व में 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन हुआ, जिससे पूरा सभागार देशभक्ति के रंग में रंग गया। समारोह की अध्यक्षता कोल इंडिया के सीवीओ बी. के. त्रिपाठी ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ मेडिकल कॉर्पोरेशन के चेयरमैन (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) दीपक महासकेय उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में मोहनलाल पारीक और दुर्गा व्यास शामिल रहीं। अपने संबोधन में श्री महासकेय ने श्रोताओं की एकाग्रता की सराहना की, जबकि




त्रिपाठी ने 'वंदे मातरम' की महत्ता बताते हुए बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन किया और स्व. पं. लक्ष्मण त्रिपाठी 'प्रवासी' का गीत प्रस्तुत किया। श्री पारीक ने आयोजन की सराहना की तथा श्रीमती व्यास ने प्रेम शंकर त्रिपाठी की रचना का पाठ किया। कार्यक्रम का स्वागत अशोक कुमार गुप्ता ने किया और डॉ. गिरिधर राय ने संचालन किया, जबकि आयोजन में अरुण मल्लावत, संतोष सराफ, सुनील मोर, रामाकांत सिन्हा, विष्णु वर्मा और प्रतीप सिकारिया का विशेष योगदान रहा। काव्य गोष्ठी में हीरालाल जायसवाल, अनिता राय, नगेन्द्र दूबे, राज किशन शर्मा, गणेश नाथ तिवारी, चंद्रिका प्रसाद अनुरागी, सुरेश चौधरी, नंदू बिहारी, डॉ. मनोज मिश्र, रणजीत भारती, हिमाद्री मिश्रा, डॉ. राजन शर्मा, विजय शर्मा 'विद्रोही', कमल पुरोहित 'अपरिचित', चित्रा राय 'श्रीकृष्णवी', रामाकांत सिन्हा, आलोक चौधरी, बीना रजक, डॉ. सुभाष चंद्र शुक्ला, शशि लाहोटी, सीमा शर्मा, रीता चंद्रा पात्रा, प्रदीप कुमार धानुक, हीरालाल साव और मानस कुमार ने काव्य पाठ किया। वहीं श्रोताओं में डॉ. रवि शंकर मिश्रा, दामोदर सुटोडिया, विनय कुमार शर्मा, कैप्टन जितेंद्र कौशिक, जितेंद्र जायसवाल, शशिकांत डालमिया, रजनी आनंद (रांची), बबलू भगत (झारखंड), वेद प्रकाश गुप्ता, विष्णु वर्मा, भंवरलाल गट्टानी, कुसुम लुण्डिया, भागीरथ सारस्वत, कृष्णानंद मिश्र, कुंदन कुमार, श्रीमोहन तिवारी, गौतम नंदी, विश्वजीत शर्मा, संजय शुक्ला, जतिन हयाल, मोहन चतुर्वेदी, नारायण प्रसाद अग्रवाल, नागेंद्र राय, आयुष राय और नैतिक यादव उपस्थित रहे। अंत में सी. के. जैन के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ममता सरकार में घुसपैठियों का राज, अराजकता की जद में बंगाल : सम्राट चौधरी

❑ **हावड़ा में विभिन्न प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री**

**हावड़ा, समाज्ञा :** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को हावड़ा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान, उन्होंने ममता बनर्जी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य को फिर से 'सोनार बांग्ला' बनाने के लिए भाजपा को समर्थन देना होगा। भाजपा राज्य से घुसपैठ खत्म करने, लोकतंत्र स्थापित करने और बंगाली अस्मिता को पुनर्स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि इस दिन, विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल होने के लिए सम्राट चौधरी हावड़ा पहुंचे। यहां एमजी रोड स्थित एचएमसी कार्यालय के पास आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर राज्य में घुसपैठ समाप्त करनी है, सुशासन स्थापित करना है और संदेशखाली जैसी घटनाएं रोकनी हैं, तो भाजपा को जिताना होगा। उन्होंने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'बाहरी-भीतरी' का मुद्दा केवल एक राजनीतिक हथकंडा है। भाजपा सरकार बनने पर राज्य का मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल का ही बेटा या बेटी होगा।



❑ **'राज्य में स्कूल बंद लेकिन मदरसे चालू'**

नामांकन के बाद, चौधरी ने ममता सरकार पर मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में 26 हजार सरकारी नौकरियों में लूट हुई है और युवाओं का हक छीना गया है। उन्होंने कहा कि 8 हजार सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए, जबकि मदरसों को चालू रखा गया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन किया जाएगा और लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा। साथ ही, सातवां वेतनमान भी लागू किया जाएगा।

❑ **'घुसपैठियों को संरक्षण दे रही हैं ममता बनर्जी'**

चौधरी ने आगे कहा कि ममता बनर्जी की सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है और राज्य में अराजकता का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति के तहत बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा दिया जा रहा है और एसआईआर का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह बिहार में घुसपैठियों को मतदाता सूची से हटाया गया, उसी तरह पश्चिम बंगाल से भी बांग्लादेशियों को बाहर किया जाएगा। उन्होंने इस चुनाव को राज्य ही नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा से भी जुड़ा बताया।

❑ **'घुसपैठ खत्म करना चाहते हैं तो भाजपा को चुनें'**

चौधरी ने कहा कि एक समय कोलकाता रोजगार का प्रमुख केंद्र था, लेकिन अब वहां से पलायन हो रहा है, जबकि मुंबई, दिल्ली और चेन्नई जैसे शहर तेजी से आगे बढ़ गए हैं। अंत में उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर वे घुसपैठ खत्म करना चाहते हैं, सुशासन चाहते हैं और संदेशखाली जैसी घटनाएं दोबारा न हों, तो भाजपा को जिताएं और राज्य में बदलाव लाएं।

## पोलिंग एजेंटों को बूथ के बाहर बैठाने की खबर पर विराम, चुनाव आयोग ने किया खंडन

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव के बीच पोलिंग एजेंटों को लेकर फैली अटकलों पर चुनाव आयोग ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। आयोग ने साफ कहा है कि पोलिंग एजेंटों को बूथ के बाहर बैठाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है और इस संबंध में कोई नई गाइडलाइन जारी नहीं हुई है। मंगलवार को यह खबर फैल गई थी कि इस बार चुनाव में राजनीतिक दलों के पोलिंग एजेंटों को मतदान केंद्र के बाहर बैठना पड़ सकता है। इस पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए आयोग ने विज्ञप्ति जारी कर इन अटकलों को खारिज कर दिया।

## कोलकाता में कार से भारी नकदी बरामद, श्यामबाजार में करीब 19.94 लाख रुपये जब्त

❑ **नाका चेकिंग के दौरान कार्रवाई, दो युवक हिरासत में; पैसे के स्रोत की जांच जारी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता में एक बार फिर भारी मात्रा में नकदी बरामद होने से सनसनी फैल गई। उत्तर कोलकाता के श्यामबाजार इलाके में नाका चेकिंग के दौरान एक कार से 19 लाख 94 हजार 500 रुपये जब्त किए गए। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 9:55 बजे केंद्रीय बल, एसएसटी टीम और बड़तला थाना की पुलिस संयुक्त रूप से जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कार को रोका गया। तलाशी के दौरान कार में मौजूद दो यात्रियों के पास एक काले रंग का चमड़े का बैग मिला, जिसे खोलने पर भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई। हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों की पहचान साजिदुर रहमान और विवेक ओझा के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ही व्यक्ति इस रकम के स्रोत और उद्देश्य के बारे में कोई वैध दस्तावेज या संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। सूत्रों के मुताबिक, बरामद सभी नोट 500 रुपये के हैं।

इस कार्रवाई के दौरान श्यामपुकुर (166) विधानसभा क्षेत्र के नोडल अधिकारी शिवव्रत राय भी मौके पर मौजूद थे। फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि यह रकम कहां से लाई जा रही थी और किसे पहुंचाई जानी थी। चुनाव के मद्देनज़र नकदी के अवैध परिवहन की आशंका को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## बंगाल में भाजपा आ रही है, ममता की तानाशाह सरकार जा रही है : नायब सैनी

❑ **हरियाणा के सीएम ने श्रीरामपुर में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में किया रोड शो**

**हुगली, समाज्ञा :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार को हुगली जिले के श्रीरामपुर में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक रोड शो किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी पर बहुत भरोसा किया था। इससे पहले 35 साल तक कम्युनिस्टों ने बंगाल पर राज किया और राज्य को पीछे धकेल दिया। भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और मजदूरों का पलायन चरम पर था। बड़े भरोसे के साथ, बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी को चुना, लेकिन वह तो कम्युनिस्टों से भी आगे निकल गईं। आज युवाओं को पीटा जा रहा है, बेरोजगारी बहुत ज्यादा है और मजदूरों को मजबूरन पलायन करना पड़ रहा है। उन्होंने



कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एक विकसित भारत के विजन में बंगाल को उसका स्वर्णिम दर्जा वापस दिलाना भी शामिल है। बंगाल की जनता सही फैसला लेगी। यही मेरी उम्मीद और आशा है। ठीक वैसे ही, जैसे उन्होंने एक बार 35 साल के कम्युनिस्ट शासन को उखाड़ फेंका था। वे एक बार फिर बंगाल की गरिमा और समृद्धि को वापस हासिल करेंगे। सीएम सैनी ने कहा कि यह 15 साल का कुशासन है। बंगाल की जनता इसे कुचल देगी। वे अब इसे और बर्दाश्त नहीं करेंगे। ममता ने युवाओं, महिलाओं और गरीबों के खिलाफ जो अत्याचार किए हैं। उनसे हाशिए पर पड़े लोग और भी गरीब हो गए हैं। उन्होंने जो भी भ्रष्टाचार किया है, जो भी गुप्त सौदे किए हैं। वे सब सामने आ जाएंगे। इस चुनाव के बाद ममता और उनके आस-पास के वे लोग जिन्होंने इस भ्रष्टाचार में मदद की है। उन्हें अपने कृत्यों का जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हम बंगाल में सरकार बनाने जा रहे हैं। कम्युनिस्टों द्वारा बंगाल का शोषण किए जाने के बाद, लोगों ने ममता को चुना। लेकिन ममता ने कम्युनिस्टों से भी ज्यादा जुल्म किए। उन्होंने घुसपैठियों को एंट्री देने का काम किया, और उनकी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। बंगाल के लोग पीएम मोदी के नेतृत्व में राज्य का विकास चाहते हैं।

**चौरंगी विधानसभा केंद्र की तृणमूल उम्मीदवार नयना बंद्योपाध्याय ने नामांकन दाखिल किया**





**उत्तर कोलकाता के श्यामपुकुर विधानसभा केंद्र की भाजपा उम्मीदवार पूर्णिमा चक्रवर्ती ने नामांकन दाखिल किया**

## अमृतसर–कोलकाता–अमृतसर स्पेशल ट्रेन

आगामी **ग्रीष्म मौसम** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 04624/04623 **अमृतसर–कोलकाता–अमृतसर स्पेशल ट्रेन** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:-

| अमृतसर–कोलकाता स्पेशल | | | (04624) (04623) | कोलकाता–अमृतसर स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| सोम | -- | **20.10** | ↓ अमृतसर | **00.40** | -- | शनि |
| मंगल | 06.10 | 06.20 | मुरादाबाद | 14.00 | 14.10 | शुक्र |
| बुध | 01.10 | 01.15 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 19.25 | 19.30 | बृहस्पति |
| | 07.42 | 07.44 | जसीडीह जंक्शन | 11.23 | 11.25 | |
| | 10.16 | 10.18 | दुर्गापुर | 08.36 | 08.38 | |
| | **15.00** | -- | कोलकाता ↑ | -- | **05.00** | |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग में ब्यास, जालंधर सिटी, फगवाड़ा जंक्शन, ढंडारी कलां, अंबाला कैंट. जंक्शन, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा, गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, समस्तीपुर जंक्शन, बरौनी जंक्शन, किऊल जंक्शन, झाझा, मधुपुर जंक्शन, चित्तरंजन, आसनसोल जंक्शन, बर्द्धमान, बैण्डेल और नैहाटी जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। ● **चलने की तिथियाँ/दिन: अमृतसर से: 04624 दिनांक 13.04, 20.04, 27.04, 04.05, 11.05, 18.05, 25.05, 01.06, 08.06, 15.06, 22.06 और 29.06.2026 (सोमवार) को = 12 ट्रिप और कोलकाता से: 04623 दिनांक 16.04, 23.04, 30.04, 07.05, 14.05, 21.05, 28.05, 04.06, 11.06, 18.06, 25.06 और 02.07.2026 (बृहस्पतिवार) को = 12 ट्रिप।** ● **गठन:** एसी 2-टियर: 01, एसी 3-टियर: 01, शयनयान श्रेणी: 10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस): 04, एसएलआरडी: 02 = 18 कोच। ● **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बंगाल चुनाव : इन तारीखों पर बंद रहेंगे शराब के ठेके और बार, आबकारी विभाग ने जारी किया निर्देश

❑ **मतदान से 48 घंटे पहले 'ड्राई डे', 4 मई को मतगणना के दिन पूरे राज्य में पूर्ण बंदी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए राज्य आबकारी विभाग ने 'ड्राई डे' को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत मतदान और मतगणना के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। जारी अधिसूचना के अनुसार, जहां-जहां मतदान होना है, वहां मतदान से 48 घंटे पहले ही सभी शराब की दुकानें, बार और मदिरालय बंद कर दिए जाएंगे। यह निर्णय चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, ताकि चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे। पहले चरण के तहत जिन जिलों में 22 और 23 अप्रैल को मतदान होना है, वहां 21 अप्रैल शाम 6 बजे से ही सभी शराब की दुकानें और बार बंद कर दिए जाएंगे और मतदान समाप्त होने तक बंद रहेंगे। इसी तरह दूसरे चरण में 29 अप्रैल को कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल की कई सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में 27 अप्रैल शाम 6 बजे से मतदान खत्म होने तक शराब बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा 4 मई को मतगणना के दिन पूरे राज्य में शराब की दुकानें और बार पूरी तरह बंद रहेंगे। आबकारी विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी क्षेत्र में पुनर्मतदान की आवश्यकता होती है, तो वहां भी इसी नियम के तहत 'ड्राई डे' लागू किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि इस कदम से चुनाव के दौरान किसी भी तरह की अशांति या अव्यवस्था को रोकने में मदद मिलेगी और मतदाता शांतिपूर्ण माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

## विधानसभा चुनाव : बुलडोजर पर सवार होकर नामांकन दाखिल करने पहुंचे भाजपा उम्मीदवार

**पूर्व बर्दवान :** जिले की गलसी विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार राजू पात्रा मंगलवार को बुलडोजर पर सवार होकर नामांकन दाखिल करने पहुंचे। उनका संदेश स्पष्ट था। चुनाव जीतने पर वे बुलडोजर से अत्याचार, भ्रष्टाचार, माताओं और बहनों के साथ होने वाले उत्पीड़न से लेकर विकास की कमी तक सब कुछ मिटा देंगे। इसके साथ ही वे हिंदुओं के साथ खड़े रहेंगे। मंगलवार को पूर्व बर्दवान में चुनाव प्रचार की एक अनोखी रणनीति देखने को मिली। बुलडोजर पर सवार होकर नामांकन दाखिल करने आए भाजपा उम्मीदवार राजू पात्रा ने सबका ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के 'बुलडोजर मॉडल' से प्रेरित होकर राज्य में हत्या, दुष्कर्म और



जबरन वसूली जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए 'बुलडोजर राज' लागू किया जाएगा। भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि उत्तर प्रदेश से प्रेरणा लेकर पश्चिम बंगाल में हत्या, दुष्कर्म और जबरन वसूली जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए बुलडोजर मॉडल लागू किया जाएगा। मेरे चुने जाने के बाद मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि ऐसे अपराध न हों। इस दिन, जिले में भाजपा उम्मीदवार के नामांकन कार्यक्रम के लिए जोरदार तैयारियां की गईं। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

### पुरुलिया में माओवादी पोस्टर मिलने से फैली सनसनी

**पुरुलिया :** जिले के जंगलमहल क्षेत्र में मंगलवार की सुबह माओवादी पोस्टर मिलने से सनसनी फ़ैल गई। सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में पुरुलिया जिले के बलरामपुर के घाटबेरा इलाके में दीवार पर सफेद कागज पर लाल स्याही से लिखे कई पोस्टर देखे गए। पोस्टर में चेतावनी दी गई है। घरों के बंटवारे में भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे हैं। पोस्टरों में नीचे माओवादी लिखा हुआ है। इस घटना के सामने आने से इलाके में सनसनी है। पोस्टर किसने लगाया पुलिस इसका पता लगाने में जुटी है।

### एचडीएफसी लाइफ और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच साझेदारी, क्रिकेट सीजन में मिलकर बढ़ाएंगे पहुंच

**कोलकाता, समाज्ञा :** एचडीएफसी लाइफ ने मौजूदा क्रिकेट सीजन के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ आधिकारिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के जरिए वित्तीय सुरक्षा पर आधारित एक मजबूत ब्रांड और देशभर, विशेषकर पूर्वी भारत में लोकप्रिय क्रिकेट फ्रेंचाइजी एक साथ आए हैं। एचडीएफसी लाइफ की मार्केटिंग प्रमुख प्रीतिका शाह ने कहा कि भारत की विविधता को ध्यान में रखते हुए कंपनी क्षेत्रीय स्तर पर ग्राहकों से जुड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केकेआर के साथ यह जुड़ाव देशभर के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों, खासकर पूर्वी भारत के दर्शकों तक पहुंच बनाने का एक बेहतर अवसर है। वहीं, नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर बिंदा डे ने इस साझेदारी पर खुशी जताते हुए कहा कि एचडीएफसी लाइफ के मूल्य और केकेआर की टीम भावना एक-दूसरे से मेल खाते हैं। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी दोनों ब्रांड्स को देशभर के प्रशंसकों के साथ गहरा संबंध बनाने में मदद करेगी।

## परिवर्तन का संकल्प लेकर भाजपा उम्मीदवारों ने गर्मजोशी के साथ भरा नामांकन

❑ **बुलडोजर पर सवार होकर चंडीतला और ट्रैक्टर पर सवार होकर जंगीपाड़ा उम्मीदवार पहुंचे अदालत**

❑ **हुगली में भाजपा के पांच उम्मीदवारों ने भरा नामांकन, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने भरी हुंकार**

**हुगली :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर हुगली जिले में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पांच उम्मीदवारों ने परिवर्तन का संकल्प लेकर उत्साह और शक्ति प्रदर्शन के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विशेष रूप से मौजूद रहे और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। श्रीरामपुर के उम्मीदवार भास्कर भट्टाचार्य के साथ रिसड़ा के बागखाल से एक विशाल रैली के जरिये वे



दिलीप सिंह



भास्कर भट्टाचार्य

नामांकन स्थल नामांकन के दौरान श्रीरामपुर एसडीओ कार्यालय परिसर और आसपास का इलाका भाजपा समर्थकों से पटा रहा। श्रीरामपुर विधानसभा से भास्कर भट्टाचार्य, उत्तरपाड़ा से दीपांजन चक्रवर्ती, चांपदानी से दिलीप सिंह, चंडीतला से देवाशीष मुखर्जी और जंगीपाड़ा से प्रसनजीत बाग ने अपने-अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में परिवर्तन की आंधी चल रही है और राज्य की जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने दावा किया कि देश में नरेंद्र मोदी ही सुशासन और विकास का विकल्प हैं। साथ ही उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 4 तारीख को परिणाम आने पर राज्य में बदलाव तय है। उन्होंने उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए योगी आदित्यनाथ के शासन मॉडल की सराहना की और कहा कि जिस तरह वहां माफियाओं और कुशासन पर बुलडोजर चला, उसी तरह बंगाल में भी कानून व्यवस्था मजबूत की जाएगी।

नामांकन के दौरान उम्मीदवारों ने भी अपनी-अपनी जीत के दावे किए। चंडीतला से उम्मीदवार देवाशीष मुखर्जी बुलडोजर पर सवार होकर नामांकन भरने पहुंचे, जबकि जंगीपाड़ा के प्रत्याशी प्रसनजीत बाग ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचे, जिससे उन्होंने विकास और कृषि को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। चांपदानी से उम्मीदवार दिलीप सिंह ने कहा कि कमल की फसल तैयार है, 4 तारीख को ईवीएम खुलते ही कमल खिलेगा। वहीं श्रीरामपुर से उम्मीदवार भास्कर भट्टाचार्य ने दावा किया कि क्षेत्र की जनता परिवर्तन के लिए तैयार है और भाजपा को भरपूर समर्थन मिल रहा है। उत्तरपाड़ा से उम्मीदवार दीपांजन चक्रवर्ती ने कहा कि वह पहले देश की सरहद पर लड़ चुके हैं और अब भ्रष्टाचार, कटमनी और सिंडिकेट राज के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान भास्कर भट्टाचार्य के नेतृत्व में भव्य रोड शो निकाला गया, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्थानीय संगठन के नेता शामिल हुए। इसके बाद भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की गई और स्नान पीढ़ी मैदान में एक जनसभा का आयोजन हुआ।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-ईटीएन-टीआईबी-10एसटीएन-26, दिनांक: 06.04.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूज़ियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: एसडीएसटीई-ईटीएन-टीआईबी-10एसटीएन-26 के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम: शेड्यूल ए:-** हावड़ा मंडल के तहत उपनगरीय खंड में तालाण्डु, सिमलागढ़, देबीपुर, बागिला, बैंचीग्राम, गरीफा और हुगलीघाट स्टेशनों पर टीआईबी का प्रावधान। **शेड्यूल बी:-** हावड़ा मंडल के तहत उपनगरीय खंड में नसीबपुर, सिंगुर, नालिकुल और हरिपाल स्टेशनों (4 स्टेशन) पर आईपीआईएस प्रणाली का प्रतिस्थापन। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 6,72,23,034.17, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 13,44,500/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 09 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 16.04.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 30.04.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। HWH-11/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/18, दिनांक: 06.04.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

**(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि निम्नानुसार हैं : (1) 10261166,** एचएस 15250 ट्रैक्शन आर्मेचर के लिए कम्यूटेटर, रु.5,43,960/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(2) 11261754,** रूपांतरित कैरिज वाटरिंग इनलेट आदि, रु.1,40,750/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 01.05.2026, **समय :** 13.30 बजे **(3) 09251120ए,** डीजल लोको स्टार्टर बैटरी आदि का क्रय, रु. 5,13,990/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 04.05.2026, **समय :** 13.30 बजे **(4) 11252633ए,** टॉप फ्लैंज, रु. 1,19,550/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 01.05.2026, **समय :** 13.30 बजे **(5) 12265100,** कपलिंग प्लासर, रु. 5,26,300/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 24.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(6) 11261095,** अर्थिंग केबल कम्प्लीट (एलएचबी टाइप कोच) 70 वर्ग आदि का क्रय, रु. 1,88,880/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(7) 07245029ए,** एडब्ल्यूएस ए5.29/ए5.29एम: 2010, ग्रेड- ई91टी1-डी1सी, आकार - व्यास 1.2 मिमी के अनुसार शील्डिंग गैस के साथ फ्लक्स कोर्ड एमआईजी/एमएजी वेल्डिंग फिलर वायर का क्रय, क्लास III, आईआरएस-एम-46/20, ग्रेड, रु. 1,36,880/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 28.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(8) 12255946,** बीसीएम ड्राइविंग पंप प्लासर, रु. 1,04,570/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(9) 12261096,** आरडीएसओ के मानक लेआउट ड्राइंग नंबर टी-4865, ऑल्ट-09 के अनुसार सब असेंबली नंबर टी-4966, ऑल्ट-09 और टी-4967, ऑल्ट-10 सहित पीएससी स्लीपरों पर फैन शेप्ड लेआउट के लिए 60 केजी 1 इन 8.5 पूर्ण टर्नआउट के लिए 6 मिमी मोटी नायलॉन कॉर्ड रीइनफोर्स्ड ग्रूव्ड रबर सोल प्लेटों का निर्माण और आपूर्ति, रु. 1,12,980/-. **निविदा खुलने की तिथि:** 30.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(10) 10265005,** फैब्रिकेटेड बोल्स्टर अरेंजमेंट, ब्रेक रिगिंग और ब्रेक सिलेंडर के साथ संपूर्ण फ्लेक्सी कॉइल बोगी फ्रेम, रु.20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(11) 1226एफ-एस_स्विच_4866,** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी-4866 के तहत पीएससी स्लीपरों पर 52 केजी रेल के लिए 1 इन 8.5 टर्नआउट बीजी (1673 मिमी) के लिए 6400 मिमी (ओआर) के एफ/एस स्विच 52 केजी के क्रय हेतु चालू ठेका, रु.8,59,750/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(12) 1226-डीक्रॉसिंग_डीएस_6494,** 1 इन 8.5 डायमंड क्रॉसिंग एवं टी-6494 के लिए चालू ठेका, रु.20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 26.05.2026, **समय :** 13.30 बजे **(13) 22251625बी,** टैब/कैप रुक्सोलिटिनिब 20 मिग्रा. (उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए) आइटम कोड संख्या: एम251024 एआई 25-26, रु.0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 13.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(14) एचबीएन_टी-8992_2026,** ड्रॉइंग नं. आरटी-8992 के समरूप एचबीएन लाइनरों के क्रय हेतु चालू ठेका, रु. 6,54,900/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(15) 1226-टीडब्ल्यूएस-9775,** पीएससी स्लीपरों पर 60 केजी (यूआईसी)/60ई1ए1 रेल के लिए 1 इन 8.5 टर्नआउट बीजी (1673 मिमी) हेतु थिक-वेब टंग रेल्स एवं एंटी क्रीप डिवाइस के साथ 6400 मिमी कर्व्ड थिक वेब स्विच, जो पीएससी स्लीपरों पर फैन शेप्ड लेआउट के 1 इन 8.5, बीजी 60 केजी टर्नआउट के लिए सभी फिटिंग्स के साथ संपूर्ण है अर्थात स्विच पोर्शन के लिए सभी फिटिंग्स सब असेंबली नं. टी-9775 ऑल्ट-03 के अनुसार है, रु.20,00,000/-. **निविदा खुलने की तिथि:** 30.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(16) 12261030,** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-5919 के तहत इलास्टिक रेल क्लिप एमके-V के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू ठेका, रु. 50,00,000/- **(17) 12261039,** आरडीएसओ ड्रॉ.नं. टी3741 एवं टी-3742 के समरूप 60 केजी पीएससी स्लीपरों पर 52 केजी यूआईसी रेल्स के लिए कॉम्बिनेशन मेटल लाइनर, रु. 5,50,720/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.04.2026, **समय :** 13.30 बजे (क्रम सं. 16 एवं 17 के लिए) **(18) 14261159,** स्पेसिफिकेशन नं. आईआरएस-टीसी-30/2005, वर्शन 1 के समरूप संशोधन 5 के साथ सिग्नलिंग और टेलीकॉम इंस्टॉलेशन के लिए अंडरग्राउंड रेलवे जेली-फिल्ड टेलीकॉम 6 क्वाड केबल, 0.9 मिमी व्यास, रु. 50,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(19) 1226-एनसीआरजीआरएसपी-8779,** आरडीएसओ के स्टैंडर्ड लेआउट ड्रॉइंग नं. टी-8779, ऑल्ट.03 के अनुसार पीएससी स्लीपरों पर फैन शेप्ड लेआउट के लिए, 60 केजी 1 इन 12 पूर्ण टर्नआउट हेतु, 6 मिमी मोटे नायलॉन कॉर्ड रीइनफोर्स्ड ग्रूव्ड रबर सोल प्लेटों का निर्माण और आपूर्ति, रु. 0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(20) 12261019,** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. (टी-4220, ऑल्ट.9) के समरूप रेल्स 60 केजी यूआईसी/60ई1 के लिए उपयुक्त बीजी के लिए 1 इन 12 सीएमएस क्रॉसिंग का निर्माण एवं आपूर्ति, रु.16,07,160/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 21.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(21) 1226-टीडब्ल्यूएस-8780,** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-8780 के अनुसार 10125 मिमी कर्व्ड स्विचों का निर्माण एवं आपूर्ति, रु. 50,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(22) 14261109,** स्पेसि. नं. आईआरएसः एस-63/2014 (रिव.4.0) के अनुसार साइजः 12 कोर X1.5 वर्ग मिमी के हाई कंडक्टिविटी कॉपर कंडक्टर के साथ पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अंडरग्राउंड, अनस्क्रीन्ड रेलवे सिग्नलिंग केबल (हेवी ड्यूटी), रु. 50,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.04.2026, **समय :** 13.30 बजे **(23) 12261049,** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-8747 के अनुसार चौड़े पीएससी स्लीपर के साथ इस्तेमाल के लिए कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेटें (सीजीआरएसपी) 10 मिमी मोटाई का निर्माण एवं आपूर्ति, रु. 20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 12.05.2026, **समय :** 13.30 बजे। **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 23 हेतु]।

**(ख) अधिक मूल्य वाली निविदा: क्रम सं. : (1), निविदा सं. : 52257677ए; संक्षिप्त विवरण :** अपहोल्सटरी की आपूर्ति एवं फिटमेंट; **निविदा की अंतिम तिथि : 20.04.2026, अनुमानित निविदा मूल्य:** रु.1,94,70,000/-

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-01/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## हावड़ा में भाजपा उम्मीदवारों ने जोरशोर के साथ नामांकन दाखिल कर चुनावी अभियान की शुरुआत की



रुद्रनील घोष



संजय सिंह



उमेश राय

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा और बाली विधानसभा क्षेत्रों में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों ने जोरशोर के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उम्मीदवारों के साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे, जिन्होंने उत्साहपूर्ण नारेबाजी और समर्थन के जरिए अपनी भागीदारी दिखाई। उत्तर हावड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार उमेश राय ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का विकास, बेहतर आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था और जनता की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार जनता परिवर्तन के पक्ष में मतदान करेगी और अपने सहयोगियों के साथ जीत सुनिश्चित करेंगे। बाली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार संजय सिंह ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और जनता के सहयोग से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने उमंग और जोश के साथ समर्थन किया। हावड़ा जिले के शिवपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रुद्रनील घोष ने भी नामांकन दाखिल किया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में भाजपा की सक्रियता और जनता के बढ़ते समर्थन से चुनावी माहौल उत्साहित कर रहा है। सभी उम्मीदवारों ने समर्थकों का धन्यवाद किया और भरोसा जताया कि इस बार क्षेत्र की जनता बदलाव के पक्ष में मतदान करेगी। नामांकन प्रक्रिया के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की संख्या, उत्साह और समर्थन ने भाजपा के लिए क्षेत्र में मजबूत संदेश भेजा है।

# नेतृत्व में आगे बढ़ने की दृढ़ इच्छा शक्ति होती तभी विकास होता है : योगी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि जब सकारात्मक सोच होती है और नेतृत्व में आगे बढ़ने की दृढ़ इच्छा शक्ति होती है तभी विकास होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली महत्वाकांक्षी 'ग्रेटर आगरा' परियोजना का भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए विकास की दिशा में अपनी सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकारों की सराहना की। योगी ने कहा, ''दुनिया में लोग युद्ध से परेशान हैं। कहीं युद्ध से तबाही है, कहीं युद्ध से बर्बादी है। कहीं युद्ध में लोग मर रहे हैं, कहीं भूखों मर रहे हैं लेकिन भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास की योजना को आगे बढ़ा रहा है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि 'दुनिया में अकेला भारत ऐसा देश है कि युद्ध में कहीं किसी को कोई परेशानी नहीं है। भारत अपनी यात्रा को मजबूती के साथ आगे बढ़ा रहा है और एक बार फिर मजबूती से दुनिया के अंदर अपनी नई आभा के साथ नेतृत्व देता हुआ दिखाई दे रहा है।' योगी ने कहा, 'युद्ध में पाकिस्तान तबाह है, दुनिया के तमाम देशों में पेट्रोलियम पदार्थों का संकट है लेकिन भारत में सब कुछ सामान्य है। अमेरिका में युद्ध के दौरान चार गुना पेट्रोलियम पदार्थों में मूल्य वृद्धि हुई है, महंगाई की आप कल्पना कर सकते हैं।' उन्होंने बताया कि 'ग्रेटर आगरा' विश्व स्तरीय बुनियादी संरचना से लैस होगा, जिसमें बेहतरीन पार्क, चौड़ी सड़कें, निर्बाध बिजली-पानी की आपूर्ति और सभी आधुनिक सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह योजना आगरा के आवासीय स्वरूप को पूरी तरह बदल देगी।

## कोई विधर्मी भारत का राजा नहीं हो सकता, सिर्फ एक ही सनातन राजा राम : योगी

मथुरा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारत का असली राजा कोई बाहरी या विधर्मी नहीं हो सकता। भारत के एक ही राजा हैं – सनातन राजा, राम, और राम के अलावा कोई और नहीं। योगी मंगलवार को वृन्दावन के मलूक पीठ में मलूक दास जी महाराज की 452 वीं जयंती के अवसर पर श्री सीताराम निकुंज अष्टयाम लीला महोत्सव को संबोधित कर रहे थे । मुख्यमंत्री ने कहा कि संत तुलसीदास ने भी इसी सिद्धांत को अपनाया। उन्होंने बताया कि मुगल सम्राट अकबर के समय तुलसीदास से लोभ-लालच करके उन्हें दरबार में बुलाने का प्रयास किया गया, लेकिन तुलसीदास ने कहा, भारत का राजा तो एक ही है – राम। योगी ने कहा कि आज भी रामलीला के मंचों से यही नारा सुनाई देता है – बोलो राजा रामचंद्र की जय, और यह नारा मुगल काल में संत तुलसीदास ने ही दिया था।

## एसटीएफ ने लखनऊ में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने अंतरराज्यीय स्तर पर अवैध रूप से ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी के पास से भारी मात्रा में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तिरवा के रहने वाले रेहान के रूप में हुई है और उसे सोमवार शाम काकोरी थाना क्षेत्र के करीमाबाद अंडरपास के पास से पकड़ा गया था। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान उसके पास से ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की 180 एमएल की 502 शीशियां, दो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह एक संगठित गिरोह का हिस्सा है, जो लखनऊ और आसपास के जिलों में अवैध रूप से ऑक्सीटोसिन की सप्लाई करता है। उन्होंने बताया कि बरामद इंजेक्शनों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं, और इस मामले में काकोरी थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज अपडेट

### उप्र पुलिस ने 20 जिलों में यातायात की भीड़ को कम करने के लिए एआई-आधारित योजना शुरू की

लखनऊ: उत्तर प्रदेश पुलिस ने शहरों में बढ़ते यातायात जाम को कम करने और लोगों की यात्रा को आसान बनाने के लिए मंगलवार को प्रदेश के 20 जिलों में एआई-आधारित सिटी-रिड्यूसिंग ट्रैफिक कंजेशन (सी-आरटीसी) परियोजना की शुरूआत की । एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत शुरू की गयी इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में यातायात को सुचारू, निर्बाध और समयबद्ध आवाजाही सुनिश्चित करना है, जहां जनसंख्या और वाहन घनत्व में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। इसमें कहा गया है कि शहरों में यातायात की भीड़ एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है, जिससे ईंधन की खपत बढ़ रही है, वायु प्रदूषण बढ़ रहा है और एम्बुलेंस तथा दमकल गाड़ियों जैसी आपातकालीन सेवाओं में देरी हो रही है। पहले चरण के तहत, यह योजना सभी सात पुलिस आयुक्तालयों और 13 अन्य जिलों में लागू की जाएगी, जिसमें कुल 20 इकाइयां शामिल होंगी। इसमें कहा गया है कि लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, मेरठ और गोरखपुर सहित जिलों में 172 भीड़-भाड़ वाले मार्गों की पहचान की गई है।

### बोकारो में 3.15 करोड़ रुपये की गड़बड़ी, पुलिस विभाग का लेखाकार गिरफ्तार

बोकारो, सात अप्रैल (भाषा) झारखंड पुलिस विभाग के एक लेखाकार को मंगलवार को बोकारो जिले के एक कोषागार से वेतन वितरण के लिए निर्धारित 3.15 करोड़ रुपये निकालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान कौशल कुमार पाण्डेय के रूप में हुई है। यह गिरफ्तारी बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर कोषागार अधिकारी गुलाब चंद उरांव द्वारा सोमवार को बोकारो स्टील सिटी थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के बाद हुई। बोकारो के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आलोक रंजन ने कहा, कोषागार अधिकारी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद हमने लेखाकार को गिरफ्तार किया। कोषागार के अभिलेखों और बैंक खातों के विवरण की जांच में पाया गया कि वेतन मद से 3.15 करोड़ रुपये निकाले गए थे। उन्होंने बताया कि यह राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 (मई 2024 से मार्च 2025) के लिए उपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह के नाम पर निकाली गई और लेखाकार ने इसे अपनी पत्नी सहित अन्य बैंक खातों में हस्तांतरित कर दिया।

### झारखंड में जल्द ही 1200 चिकित्सकों, 7500 एएनएम एवं जीएनएम की नियुक्ति की जाएगी: स्वास्थ्य मंत्री

**रांची:** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मंगलवार को कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए जल्द ही लगभग 1,200 चिकित्सकों और 7,500 सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम) और सामान्य नर्स एवं मिडवाइफ (जीएनएम) की नियुक्ति की जाएगी। अंसारी ने बताया कि राज्य के बेड़े में 247 नई एम्बुलेंस भी शामिल की जाएंगी। रांची में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंसारी ने कहा, 'झारखंड के प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है।' अंसारी ने कहा कि राज्य में जल्द ही स्वास्थ्य गारंटी कार्ड जारी किए जाएंगे, जिससे प्रत्येक नागरिक को बेहतर और सुलभ उपचार सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे प्रतिदिन कम से कम 45 मिनट अपने स्वास्थ्य के लिए निकालें। उन्होंने कहा, 'स्वास्थ्य ही धन है और हमें नियमित रूप से व्यायाम, योग और ध्यान करना चाहिए। हमें मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग करने से बचना चाहिए। संतुलित आहार लेना चाहिए और पर्याप्त नींद लेनी चाहिए।'' युवा पीढ़ी द्वारा मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, 'मोबाइल की लत लोगों को बीमार कर रही है। हमें इससे बचना चाहिए।'

## शराबबंदी पर सियासी टकराव तेज, 46 करोड़ के चंदे को लेकर जदयू का राजद पर निशाना

**पटना:** बिहार में शराबबंदी को लेकर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। इस बार विवाद का केंद्र शराब कंपनियों से प्राप्त कथित चुनावी चंदा है। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को शराबबंदी के कारण राज्य में बढ़ रहे भ्रष्टाचार के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की नीतीश कुमार सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। इस बयान के बाद जदयू ने मंगलवार को तीखी प्रतिक्रिया दी। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि शराब कंपनियों से चंदा लेने वाला राजद अब शराबबंदी पर सवाल उठा रहा है। जदयू के अनुसार, जुलाई 2023 से जनवरी 2024 के बीच राजद को शराब कंपनियों से करीब 46 करोड़ 64 लाख रुपये का चंदा मिला। इसी आधार पर पार्टी ने राजद की नीयत पर सवाल उठाया है। जदयू का कहना है कि ऐसे हालात में शराबबंदी के खिलाफ बयान देना राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित प्रतीत होता है।

## राजस्थान में तापमान सामान्य से नीचे, फलोदी में 42.2 मिलीमीटर बारिश

जयपुर: पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीते चौबीस घंटे के दौरान राजस्थान में कई जगह हल्की से मध्यम बारिश हुई। इस दौरान जोधपुर जिले के फलोदी में सबसे अधिक 42.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार लगातार बारिश, बादल छाए रहने से पूरे राज्य में तापमान भी सामान्य से नीचे बना हुआ है। मंगलवार सुबह तक के चौबीस घंटे के दौरान चित्तौड़गढ़ में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस व नागौर में न्यूनतम तापमान 16.7 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अनुसार आज मंगलवार को भी जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर व उदयपुर, कोटा संभाग के कुछ भागों में बादल छाए रहने के साथ मध्यम से तेज बारिश होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान जयपुर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में 30 से 50 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है तथा कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की भी चेतावनी दी गई है। इसी तरह बुधवार को भरतपुर, जयपुर संभाग के उत्तरी भागों में हल्की बारिश होने व शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने का पूर्वानुमान है।

## झांसी में विकास प्राधिकरण की जमीन पर बने अवैध मजार को ध्वस्त किया गयाफ

**झांसी (उप्र):** शहर के मध्य में झांसी विकास प्राधिकरण (जेडीए) की जमीन पर बने अवैध मजार को मंगलवार को भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में ध्वस्त कर दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई मुक्तकाशी मंच से झरना गेट की ओर जाने वाली सड़क पर की गई, जहां हजरत इमरती साहब बाबा मजार को अवैध रूप से निर्माण कर लिया गया था। अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस कर्मियों के साथ जेडीए की एक टीम दोपहर मौके पर पहुंची और ढांचे को ध्वस्त किया। कार्यवाही के दौरान मौजूद अधिशासी अभियंता राजकुमार ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से प्राधिकरण की जमीन पर अतिक्रमण हो रहा था।

## समय पर शराब बरामद नहीं होती तो बढ़ सकती थी मौतों की संख्या: बिहार के डीजीपी




**पटना:** बिहार के मोतिहारी में जहरीली शराब कांड को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने मंगलवार को कहा कि समय पर शराब की बरामदगी नहीं होती तो मृतकों की संख्या और बढ़ सकती थी। उन्होंने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि पुलिस ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर शराब की बड़ी खेप बरामद की है और सभी मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि मोतिहारी में गत बृहस्पतिवार को कथित तौर पर जहरीली शराब पीने वालों में से अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है जबकि बीमार हुए कई अन्य लोगों का अब भी इलाज जारी है। घटना के सामने आने के बाद पुलिस ने राज्यभर में छापेमारी तेज कर दी है और विभिन्न स्थानों से भारी मात्रा में शराब जब्त की गई है। डीजीपी ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है और जांच जारी है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान करीब 1500 लीटर मेथेनॉल बरामद किया गया है। उनके अनुसार यदि इस जहरीले पदार्थ का भी उपयोग कर लिया गया होता स्थिति और भयावह हो सकती थी। उन्होंने कहा कि पूरे मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं, कई लोगों की हालत अब भी गंभीर बताई जा रही है।

## आपदा प्रभावितों का राज्य कोष पर पहला अधिकार: नीतीश कुमार



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि आपदा से प्रभावित लोगों का राज्य के कोष पर पहला अधिकार है। मुख्यमंत्री आवास में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (बीएसडीएमए) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित सभी एजेंसियों से आपदा प्रबंधन में कुशलतापूर्वक कार्य करने और पीड़ितों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, राज्य सरकार सभी आपदा प्रभावित पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा मानना है कि आपदा प्रभावितों का राज्य कोष पर पहला अधिकार है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि नवंबर 2005 से राज्य सरकार आपदा प्रबंधन के लिए कई पहल कर रही है। बाढ़, सूखा, अग्निकांड, भूकंप और लू जैसी आपदाओं के प्रभावी प्रबंधन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) विकसित की गई है।' उन्होंने कहा, 'प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को निःशुल्क भोजन, नकद सहायता, फसल क्षति मुआवजा, मकान क्षति मुआवजा और पशुधन हानि के लिए मुआवजा देने की व्यवस्था की गई है।

## जन जागरूकता से भारत में गौ हत्या को समाप्त करने में मदद मिल सकती है : मोहन भागवत




**मथुरा:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि जन जागरूकता से भारत में गोहत्या को समाप्त करने में मदद मिल सकती है। भागवत ने कहा कि जो भावना देश में अयोध्या में राम मंदिर के लिए थी जिसके बाद उच्चतम न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया, वही भावना गायों के लिए भी दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा, समाज को गायों के प्रति समर्पित बनाएं, और गोहत्या तुरंत बंद हो जाएगी। हमें जनता को जागरूक करना होगा, बाकी लोग ऐसा करेंगे। शहरों में गाय रखने की बाधाओं को स्वीकार करते हुए, उन्होंने सुझाव दिया कि लोग इसके बजाय 'गौशालाओं' का समर्थन कर सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मंगलवार को वृन्दावन के मलूक पीठ में मलूक दास जी महाराज की 452वीं जयंती के अवसर पर बोल रहे थे । उन्होंने कहा, अगर सार्वजनिक भावना अथवा जन भावना है, तो व्यवस्था को इसे स्वीकार करना होगा। अयोध्या में राम जन्मभूमि से संबंधित उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा, 2014 से 2019 तक राम मंदिर नहीं बना। यह 2019 के बाद आया। क्यों? जब उच्चतम न्यायालय का कहना था कि उनके पास अन्य बहुत महत्वपूर्ण मामले हैं (सुनवाई के लिए), तो उसने सर्वसम्मति से फैसला दिया। क्यों दिया? यह उन भावनाओं के कारण है, जो देश भर में मंदिर के लिए देखी गईं। यह उसी का परिणाम है।'' उच्चतम न्यायालय के 2019 के एक फैसले ने प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। उन्होंने कहा कि जो भावना देश भर में राम मंदिर के लिये थी, वही भावना गायों की रक्षा के लिये भी होनी चाहिये। संघ प्रमुख ने कहा, ''गायों के लिए, आप भी प्रयास कर रहे हैं, हम भी प्रयास कर रहे हैं।'' इसके बाद यहां अलग से जारी एक बयान में भागवत के हवाले से कहा गया है कि भारत अवश्य विश्व गुरु बनेगा और यह संतों द्वारा दिखाई गई राह के अनु-सरण से ही संभव होगा। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा और संतत्व ही दुनिया को सुखी और समृद्ध बनाने का मार्ग दिखाएंगे। संघ प्रमुख ने पश्चिम एशिया में जारी अशांति की ओर इशारा करते हुये कहा, 'अब समय आ गया है कि भारत विश्व गुरु बनेगा। इसके लिए संघ संतों के साथ मिलकर प्रयास करेगा।' उन्होंने कहा कि मलूक पीठ में 452 वर्ष से संत मलूक दास की परंपरा को जीवंत रखे हुए हैं। इससे जीवन दर्शन की सीख सभी को लेनी चाहिए।

## झारखंड: इस्पात संयंत्र की भट्ठी में विस्फोट; 9 घायलों में से 3 की इलाज के दौरान मौत



**रामगढ़:** झारखंड के रामगढ़ में एक निजी इस्पात संयंत्र की भट्ठी में हुए विस्फोट में घायल नौ लोगों में से तीन की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार तड़के करीब 4 बजे हेसला इलाके के इस्पात संयंत्र में हुए विस्फोट में नौ मजदूर घायल हो गए। उन्होंने बताया कि उनमें से सात लोग 60 प्रतिशत से अधिक झुलस गए और उन्हें रांची के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। राज्य के मुख्य कारखाना निरीक्षक मनीष कुमार सिन्हा ने बताया, ''बेहतर इलाज के लिए रांची लाए गए सात मजदूरों में से तीन की इलाज के दौरान मौत हो गई।'' उन्होंने बताया कि विस्फोट की जांच के लिए श्रम एवं रोजगार विभाग द्वारा सात सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। सिन्हा ने कहा, ''टीम मौके पर पहुंच चुकी है और उसने जांच शुरू कर दी है।'' मृतकों की पहचान अखिल राय, बृजलाल बेदिया और महेश के रूप में हुई है। रामगढ़ के अंचलाधिकारी रमेश रविदास ने बताया कि ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद हुए समझौते के अनुसार, संयंत्र प्रबंधन द्वारा प्रत्येक मृतक के परिवार को मुआवजे के तौर पर 21 लाख रुपये दिए जाएंगे। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने सोमवार को इस्पात संयंत्र प्रबंधन को घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।

## मिट्टी, पानी और मौसम से जुड़े आंकड़ों का हो रहा अध्ययन: चौहान



**जयपुर:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर उनकी भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों के अनुसार कृषि रोडमैप तैयार कर रही है। चौहान ने कहा कि इसके लिए मिट्टी, पानी और मौसम से जुड़े आंकड़ों का अध्ययन किया जा रहा है, ताकि वैज्ञानिक पद्धतियों को खेत तक पहुंचाया जा सके। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने आश्रम रोड स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में कहा कि अब केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए 'किसान आईडी' को मुख्य आधार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में खेती की पूरी व्यवस्था किसान आईडी पर आधारित होगा। उन्होंने कहा कि खाद वितरण समेत कई योजनाएं इससे जुड़ेंगी, भविष्य में खाद एवं बीज का वितरण इसी आईडी के जरिए किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इसके लिए देशभर के किसानों के लिए किसान आईडी बनाई जा रही है, जो अगले तीन महीनों में तैयार हो जाएगी।

## उच्च न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 11 साल जेल में बिताने वाले आरोपी को बरी किया

**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराए जाने पर 11 साल जेल में बिताने वाले व्यक्ति को पुलिस जांच में गंभीर खामियों और विश्वसनीय सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए मंगलवार को बरी कर दिया। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की पीठ ने आरोपी निर्मल कुमार की अपील को स्वीकार करते हुए 2018 के अधीनस्थ न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। यह मामला 2010 का है, जब अयोध्या जिले में मानसिक रूप से विकलांग 14 वर्षीय एक लड़की के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म हुआ था। घटना के तीन दिन बाद पीड़िता की मौत हो गई थी, जिसके बाद उसके पिता ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## वाराणसी में गंगा नदी में नाव पर बीयर पीने का आरोपी गिरफ्तार, सपा प्रमुख ने भाजपा पर तंज किया



**वाराणसी/लखनऊ :** वाराणसी में गंगा नदी में नाव पर सवार होकर कथित रूप से बियर पीने वाले दो लोगों में एक को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसके अनुसार इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुआ है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किये गए आरोपी का नाम अर्जुन राजभर है, जो नाव के सजावट का काम करता है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) गौरव कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में दो लोग नदी में नाव पर सवार होकर मादक पदार्थों का सेवन करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, उनमें से एक की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। भेलूपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है और नियमों के अनुसार मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई जारी है। इस बीच, घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्ताधारी पार्टी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने लखनऊ में पत्रकारों से कहा,क्या यह कोई नई बात है? लोग हर जगह बीयर पी रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार के सत्ता में आने के बाद से लोग तनाव और कठिनाइयों के कारण अधिक शराब पी रहे हैं।

## गोरखपुर में प्रस्तावित वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने मंगलवार को गोरखपुर में प्रस्तावित 'उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय' को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में गोरखपुर में बनने वाले 'उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय' को मंजूरी दी गई। गोरखपुर में 491 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यह विश्वविद्यालय कैम्पियरगंज क्षेत्र में लगभग 50 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित किया जाएगा। राज्य सरकार वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय के लिए इस वर्ष प्रस्तुत राज्य के बजट में भी 50 करोड़ रुपये पास कर चुकी है। इस विश्वविद्यालय में वानिकी, औद्यानिकी, वन्य जीव संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, एग्रोफॉरेस्ट्री, फल एवं बागवानी सहित कई आधुनिक विषयों में बीएससी, एमएससी, पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

## एसटीएफ ने प्रतापगढ़ में वांछित बरवार गैंग के दो शातिर अपराधियों को लखनऊ में गिरफ्तार किया

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने प्रतापगढ़ के कुंडा थाने में वांछित बरवार गैंग के दो कथित शातिर अपराधियों को यहां बादशाह नगर रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एसटीएफ मुख्यालय से जारी एक बयान के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोंडा जिले के धानेपुर थानाक्षेत्र के हरिश्चंद्र और उसके सहयोगी सोहनलाल के रूप में हुई है तथा उन्हें बादशाह नगर रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे करीब गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ ने बताया कि दोनों आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया की लूट, चोरी, छिनैती और ठगी करने वाले बरवार गैंग में वे सक्रिय सदस्य हैं और पिछले 15 वर्षों से इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। एसटीएफ के मुताबिक दोनों आरोपियों पर प्रतापगढ़ जिले के कुंडा थाने में गिरोहबंद अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) एवं भारतीय न्याय संहिता की अन्य संबंधित धाराएं लगायी हैं और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मेरे पिता नीतीश कुमार के योगदान को लोग नहीं भूलेंगे: निशांत कुमार



पटना: बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने मंगलवार को कहा कि पिछले दो दशकों में उनके पिता द्वारा किए गए कार्यों को लोग कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने जनता से उनके, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और उनके पिता के प्रति समर्थन बनाए रखने की अपील की। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अगले मुख्यमंत्री को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं । नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना लगभग तय है। वैसे तो जनता दल यूनाइटेड की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन पार्टी के कुछ कार्यकर्ता निशांत कुमार को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में आगे बढ़ाने की वकालत कर रहे हैं। सोनपुर स्थित बाबा हरिहर नाथ मंदिर के दर्शन के बाद संवाददाताओं से बातचीत में निशांत ने कहा, पिछले 20 वर्षों में मेरे पिता ने जो काम किए हैं, उन्हें लोग भूल नहीं पाएंगे। मैं उनसे अपील करता हूं कि वे मुझ पर, हमारी पार्टी पर और मेरे पिता पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। उन्होंने कहा, मैं लंबे समय बाद यहां आया हूं। करीब 20 साल पहले मैं बाबा हरिहर नाथ मंदिर में अक्सर आया करता था।''

## चार घंटे तक नजरें नहीं हटा पाया, विराट कोहली ने की 'धुरंधर' की तारीफ



**नयी दिल्ली:** चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल की व्यस्तता के बावजूद 'धुरंधर 2' देखी और सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जमकर तारीफ करते हुए कहा कि वह चार घंटे तक स्क्रीन से नजरें नहीं हटा सके। कामयाबी का इतिहास रच चुकी आदित्य धर की धुरंधर का दूसरा भाग 19 मार्च को रिलीज हुआ और अब तक फिल्म दुनिया भर में 1600 करोड़ रूपये से अधिक का व्यवसाय कर चुकी है। गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिये आईपीएल खेल रहे कोहली ने फिल्म देखने के बाद इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा ,'धुरंधर देखी और सच कहूं तो, भारत में बनी ऐसी फिल्म मैंने पहले कभी नहीं देखी। पूरी फिल्म में हर तरह के जज्बात उभर आए।' उन्होंने आगे लिखा,'लगभग चार घंटे तक मैं एक बार भी बोर नहीं हुआ और आंखें भी नहीं हटाईं। आदित्य धर, आपकी प्रतिभा और मेहनत पूरी फिल्म में साफ दिख रही है। आपको सलाम है।' कोहली ने धर की तारीफ करते हुए आगे लिखा ,'आप सच में जीनियस हो। सभी एक्टर्स ने अच्छा काम किया लेकिन रणवीर सिंह , इस फिल्म के बाद आपका लेवल ही अलग हो गया है। आपकी एक्टिंग कमाल से भी ऊपर थी। सचमुच वाह।' इस पर फिल्म के निर्देशक धर ने जवाब देते हुए लिखा,' मुझे यकीन नहीं हो रहा कि यह हो रहा है। विराट , मेरे लिये यह बहुत मायने रखता है।'

# भारतीय निशानेबाज पलक और मुकेश ने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता



**ग्रेनाडा (स्पेन):** भारतीय निशानेबाज पलक और मुकेश नेलावल्ली ने मंगलवार को यहां राइफल और पिस्टल के आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पलक और मुकेश की भारतीय जोड़ी ने कुल 487.7 अंक बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया जो कि जूनियर विश्व रिकॉर्ड भी है। इस जोड़ी ने क्वालीफिकेशन दौर में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 581 अंक के साथ पदक दौर में जगह बनाई। कियानसुन याओ और काई हू की चीन की जोड़ी ने 484.8 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि वेरोनिका मेजर और अकोस कैरोली नागी की हंगरी की जोड़ी ने फाइनल में कुल 414.9 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। पलक ने फाइनल में 243.0 जबकि मुकेश ने 244.7 अंक बनाए। क्वालीफिकेशन दौर में पलक और मुकेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। उनसे आगे चीन की जोड़ी थी जिसने 586 अंक जुटाए। पलक (18 साल) पहली बार 2023 एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल के व्यक्तिगत मुकाबले में स्वर्ण और टीम वर्ग में रजत पदक जीतकर सुर्खियों में आईं थी। उन्होंने 242.1 अंक का एशियाई खेलों का रिकॉर्ड बनाकर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए भी कोटा पक्का कर लिया था। मुकेश भी भारतीय पिस्टल निशानेबाजी के एक उभरते हुए सितारे हैं और जूनियर विश्व चैंपियन हैं।

## मैं यहां स्थानीय खिलाड़ी, घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा, शमी ने रहाणे से कहा



**कोलकाता:** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच जिताने वाले प्रदर्शन के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अपने 'घरेलू' मैदान' ईडन गार्डन्स पर कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना करने के लिए लौट रहे हैं और उन्होंने विरोधी टीम चेतावनी भी भी। तीन मैच में एक भी जीत दर्ज करने में नाकाम रही नाइट राइडर्स की टीम बृहस्पतिवार को यहां सुपर जाइंट्स से भिड़ेगी। यह नाइट राइडर्स का लगातार तीसरा घरेलू मैच होगा। मंगलवार को बंगाल प्रो टी20 लीग के तीसरे सत्र के लॉन्च के मौके पर नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे और उप कप्तान रिंकू सिंह के साथ बात करते हुए शमी ने कहा, 'ईडन गार्डन्स पर खेलते हुए आपको हमेशा घरेलू मैदान का फायदा मिलता है।' उन्होंने कहा,'आप वहां की परिस्थितियों और पिच के मिजाज को अच्छी तरह समझते हैं क्योंकि आपने वहां लंबे समय तक खेला है और उस मैदान पर काफी समय बिताया है।' शमी ने कहा, 'इसलिए वह फायदा हमेशा रहता है। अगर मैं यहां आकर नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलता हूं तो एक स्थानीय खिलाड़ी होने के नाते मुझे कुछ फायदा जरूर मिलेगा।' इस तेज गेंदबाज ने पिछले मैच में 18 डॉट गेंद फेंकते हुए नौ रन देकर दो विकेट चटकाए जिससे ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम ने सत्र की अपनी पहली जीत हासिल की। सुपर जाइंट्स ने हैदराबाद में खेले गए अपने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया था।

## ललित को रजत और सुनील को कांस्य पदक, नितेश फाइनल में



**बिश्केक (किर्गिस्तान):** ललित ने 2026 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक जीता जब उन्होंने 55 किग्रा ग्रीको रोमन वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया जबकि नितेश मंगलवार को यहां 97 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंच गए। पूर्व चैंपियन सुनील कुमार ने अपने पदकों की सूची में एक और कांस्य पदक जोड़ा जिससे भारतीय टीम के लिए यह दिन काफी सफल रहा। अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता ललित को फाइनल में उज्बेकिस्तान के इख्तियार बोतिरोव के खिलाफ 0-9 से शिकस्त झेलनी पड़ी। सुनील ने 87 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक के मुकाबले में पहले राउंड में चार अंक गंवाने के बाद शानदार वापसी की और उज्बेकिस्तान के मुखम्मदकोदिर रासुलोव को 5-4 से हराकर एशियाई चैंपियनशिप में अपना लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता। इससे पहले नितेश ने 97 किग्रा ग्रीको रोमन वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर यह सुनिश्चित कर लिया कि वे 2025 चैंपियनशिप के अपने प्रदर्शन में सुधार करेंगे।

## रिंकू सिंह काफी नीचे बल्लेबाजी कर रहे हैं, नाइट राइडर्स को उन्हें ऊपर खिलाना चाहिए: गांगुली



**कोलकाता:** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि कोलकाता नाइट राइडर्स को मौजूदा आईपीएल 2026 में टीम की बल्लेबाजी की परेशानियों को कम करने के लिए उप कप्तान रिंकू सिंह को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजना चाहिए। तीन बार की चैंपियन नाइट राइडर्स की टीम मौजूदा सत्र में अपने तीन मैच में से एक भी मैच नहीं जीत पाई है और उनके खाते में जो एक अंक हैं वह भी सोमवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश की वजह से रद्द हुए मैच से मिला। बंगाल प्रो टी20 लीग के तीसरे सत्र के लॉन्च के मौके पर गांगुली ने कहा, 'वह (अजिंक्य रहाणे) नाइट राइडर्स के कप्तान हैं और मुझे लगता है कि रिंकू बहुत नीचे बल्लेबाजी करता है। वह (रिंकू) उससे कहीं बेहतर खिलाड़ी है और उम्मीद है कि टीम उसे बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने का कोई तरीका ढूंढ लेगी।' रहाणे और रिंकू के अलावा लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस दौरान मौजूद थे।

## जायसवाल का अर्धशतक, राजस्थान रॉयल्स की लगातार तीसरी जीत

**गुवाहाटी :** इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियन्स को 27 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ रॉयल्स छह अंकों के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है और टूर्नामेंट में अपनी मजबूत स्थिति बना ली है।बारिश के कारण मुकाबला करीब दो घंटे 40 मिनट की देरी से शुरू हुआ और इसे 11-11 ओवर का कर दिया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने तीन विकेट पर 150 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों पर नाबाद 77 रन बनाए। उनकी इस पारी में चार छक्के और 10 चौके शामिल रहे। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी (39 रन, 14 गेंद) के साथ मिलकर केवल पांच ओवर में 80 रन की तेज साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। जायसवाल ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। कप्तान रियान पराग (20 रन) ने भी अहम योगदान दिया, जिससे टीम 150 के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंच सकी।लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियन्स की शुरुआत खराब रही। टीम ने शुरुआती ओवरों में ही रेयान रिकेल्टन, रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव के विकेट गंवा दिए। कप्तान हार्दिक पंड्या भी बड़ी पारी नहीं खेल सके, जिससे टीम दबाव में आ गई। मुंबई की ओर से नमन धीर और शेरफेन रदरफोर्ड ने 25-25 रन बनाए, लेकिन वे टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके और पूरी टीम 9 विकेट पर 123 रन ही बना सकी।राजस्थान की ओर से नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट लिए। इस जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स ने खिताब की दौड़ में खुद को एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित कर दिया है।

## एशियाई कप में चीनी ताइपै के खिलाफ भारत के लिये 'करो या मरो' का मुकाबला

**पाथुम थानी (थाईलैंड):** भारतीय टीम एएफसी महिला अंडर 20 एशियाई कप के ग्रुप सी के आखिरी मैच में मंगलवार को चीनी ताइपै से खेलेगी और उसे क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनाये रखने के लिये हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। जापान और आस्ट्रेलिया से पहले दो मैचों में मिली हार के बाद भारत और चीनी ताइपै समान स्थिति में हैं और दोनों के लिये यह मुकाबला निर्णायक रहेगा। भारत का गोल अंतर माइनस 11 है जबकि चीनी ताइपै का माइनस सात है। भारतीय टीम 2004 के बाद पहली बार नॉकआउट चरण में जगह बनाने की कोशिश में है। ग्रुप ए में वियतनाम और बांग्लादेश के बीच मैच या ग्रुप बी में उजबेकिस्तान और जोर्डन के बीच मैच ड्रॉ रहता है तो उसका काम आसान हो जायेगा। भारत और चीनी ताइपै के बीच मैच की विजेता टीम अंतिम आठ में पहुंचेगी। लेकिन अगर इन दोनों मैचों में कोई टीम जीतती है तो भारत को अच्छे अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।

## रवि शास्त्री स्टैंड का अनावरण करेगाए एमसीए

**मुंबई:** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) बृहस्पतिवार को वानखेड़े स्टेडियम में नए 'रवि शास्त्री स्टैंड का अनावरण करने के अलावा दिलीप सरदेसाई, एकनाथ सोलकर और डायना इडुल्जी के नाम पर स्टेडियम के गेट समर्पित करके अपने महान क्रिकेटरों को सम्मानित करेगा। इस अनावरण समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाईक भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे। साथ ही शीर्ष परिषद के सदस्य, पदाधिकारी और क्रिकेट जगत से जुड़े अन्य लोग भी उपस्थित रहेंगे। इन दिग्गज खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला एमसीए की शीर्ष परिषद ने फरवरी में हुई बैठक में लिया था। इस पहल के तहत वानखेड़े स्टेडियम में प्रेस बॉक्स के नीचे स्थित 'लेवल एक स्टैंड' का नाम भारत के पूर्व कप्तान और जाने-माने कमेंटेटर रवि शास्त्री के नाम पर रखा जाएगा। यह सम्मान उन्हें मुंबई और भारतीय क्रिकेट में एक खिलाड़ी, कप्तान और कोच के तौर पर दिए गए उनके बेहतरीन योगदान के लिए दिया जा रहा है।

### अमीनुल इस्लाम बुलबुल बीसीबी अध्यक्ष पद से हटाए गए, तमीम को तदर्थ समिति का प्रमुख बनाया गया

**ढाका:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से द्विपक्षीय संबंधों को फिर से शुरू करने का अनुरोध किए जाने के कुछ ही दिन बाद देश की राष्ट्रीय खेल परिषद (एनएससी) ने पूर्व कप्तान और बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल को मंगलवार को पद से हटा दिया और नए चुनाव होने तक बोर्ड के दैनिक कामकाज को चलाने के लिए तदर्थ समिति का गठन किया है।



## एयर इंडिया समूह घरेलू, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर ईंधन अधिभार लगाएगा



**मुंबई:** एयर इंडिया समूह घरेलू उड़ानों के लिए 299 रुपये से 899 रुपये तक और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 24 डॉलर से 280 डॉलर तक का ईंधन अधिभार लगाने जा रहा है। हालांकि, कुछ मार्गों पर ईंधन अधिभार नहीं लगाया जाएगा। एयर इंडिया ने मंगलवार को बयान में कहा कि आठ अप्रैल से प्रभावी संशोधित ईंधन अधिभार एयरलाइन की किफायती सेवाएं देने वाली अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित उड़ानों पर भी लागू होगा। बयान में कहा गया कि बांग्लादेश और जापान, हांगकांग और दक्षिण कोरिया जैसे सुदूर पूर्व गंतव्यों के लिए आने-जाने वाली उड़ानों पर ईंधन अधिभार में संशोधन की जानकारी आवश्यक नियामकीय अनुमोदनों के अधीन उचित समय पर दी जाएगी। एयरलाइन ने कहा कि सरकार द्वारा घरेलू विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में 25 प्रतिशत की अधिकतम वृद्धि तय करने के बाद समूह ने इस संतुलित दृष्टिकोण को अपनाया है और घरेलू स्तर पर एक समान अधिभार की जगह दूरी-आधारित अधिभार लगाने का फैसला लिया है। एक अन्य घरेलू एयरलाइन कंपनी इंडिगो पहले ही ईंधन अधिभार में बढ़ोतरी कर चुकी है।

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी; सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,000 अंक के पार



**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के पार पहुंच गया। कच्चे तेल के दाम में नरमी और दुनिया के अन्य बाजारों में तेजी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। इसके अलावा, आईटी शेयरों में लिवाली से शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में सुधार हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 509.73 अंक यानी 0.69 प्रतिशत बढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 74,686.32 अंक तक गया और नीचे में 73,282.41 अंक तक आया। इससे बाजार में 1,403.91 अंक का उतार-चढ़ाव आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 155.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत चढ़कर 23,123.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत टूटकर 109 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा, 'भारतीय बाजारों में कारोबार के दौरान तेज सुधार देखने को मिला। निफ्टी ने शुरुआती नुकसान से उबरते हुए उच्च स्तर हासिल किया। यह सुधार मुख्य रूप से सौदों को पूरा करने के लिए की गयी लिवाली और चुनिंदा क्षेत्रों की मजबूती के कारण हुआ है न कि चौतरफा खरीदारी के कारण।' उन्होंने कहा कि आज की तेजी का एक प्रमुख कारण सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों का मजबूत प्रदर्शन है।

## न्यूज अपडेट

### चांदी 2,000 रुपये लुढ़की, सोना 600 रुपये टूटा

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को चांदी की कीमतें 2,000 रुपये टूटकर 2.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 600 रुपये के नुकसान के साथ 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को दी गई उस समयसीमा से पहले सतर्क हो गए हैं, जिसमें उन्होंने होर्मुज़ जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की मांग की थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 2,000 रुपये, या लगभग एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। सोमवार को बाज़ार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सर्राफा बाज़ार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 600 रुपये या 0.4 प्रतिशत टूटकर 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### चीन ने 15 दिन में दूसरी बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए

**बीजिंग:** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में तेजी के बीच चीन ने करीब 15 में दूसरी बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। चीन की शीर्ष आर्थिक योजना संस्था राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग (एनडीआरसी) ने मंगलवार को कहा कि कीमतों में यह नई वृद्धि बुधवार से लागू होगी। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध को लेकर संभावित ईंधन संकट की आशंकाओं के बीच चीन ने इससे पहले 23 मार्च को भी पेट्रोल तथा डीजल की कीमतें बढ़ाई थीं।

### रुपया 16 पैसे टूटकर 93.06 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** रुपया मंगलवार को 16 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.06 पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की समयसीमा और भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले निवेशकों में चिंता बनी रही, जिससे घरेलू मुद्रा पर दबाव देखा गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अस्थिर वैश्विक हालात के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले दबाव में बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 93.05 पर खुला। इसके बाद इसमें गिरावट आई और यह 93.12 प्रति डॉलर तक नीचे चला गया। कारोबार के दौरान रुपया 92.86 प्रति डॉलर के उच्च स्तर तक भी गया।

### प्रवासी मजदूरों के लिए पांच किलो वाले गैस सिलेंडर का दैनिक कोटा दोगुना हुआ

**नयी दिल्ली:** सरकार ने पश्चिम एशिया में तनाव के चलते गैस आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच ईंधन उपलब्धता बनाए रखने के लिए प्रवासी श्रमिकों के लिए बाजार मूल्य वाले पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का दैनिक कोटा दोगुना कर दिया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मंगलवार को यहां नियमित प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि छह अप्रैल को जारी पत्र के जरिये राज्यों को दैनिक कोटा बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। यह कोटा मार्च की शुरुआत की औसत दैनिक आपूर्ति का दोगुना कर दिया गया है। आमतौर पर घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम के सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर के उलट पांच किलोग्राम वाले सिलेंडर बाजार दर पर उपलब्ध होते हैं। दिल्ली में इसकी कीमत 549 रुपये है, जबकि 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर 913 रुपये का है। कामकाज की तलाश में आने वाले प्रवासी श्रमिकों के पास अक्सर नियमित एलपीजी कनेक्शन नहीं होता है, इसलिए उन्हें राहत देने के लिए यह कदम उठाया गया है। ये छोटे सिलेंडर एलपीजी वितरक को पहचान पत्र दिखाकर आसानी से खरीदे जा सकते हैं। शर्मा ने बताया कि 23 मार्च से अब तक पांच किलो वाले करीब 7.8 लाख सिलेंडर की बिक्री हो चुकी है। अकेले सोमवार को ही 1.06 लाख से अधिक छोटे सिलेंडर बिक गए।

## युद्ध शुरू होने के बाद से पश्चिम एशिया के लिए 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं: अधिकारी

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण भारतीय एयरलाइन कंपनियों की 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। नागर विमानन मंत्रालय के संयुक्त सचिव असंगबा चुबा आव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संयुक्त सचिव आव ने बताया कि पहले भारतीय एयरलाइन कंपनियां पश्चिम एशिया के लिए रोजाना 300-350 उड़ानें संचालित करती थीं, जो अब घटकर केवल 80-90 रह गई हैं। संघर्ष के कारण इजराइल, जॉर्डन, लेबनान, कुवैत, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में हवाई क्षेत्र बंद या सीमित कर दिया गया है, जिससे वैश्विक विमानन नेटवर्क और संपर्क पर अभूतपूर्व असर पड़ा है।

## बैंक खातों को धोखाधड़ी घोषित करने से पहले उधारकर्ता निजी सुनवाई के हकदार नहीं: उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि बैंकों द्वारा खातों को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत करने से पहले उधारकर्ता व्यक्तिगत सुनवाई का अनिवार्य रूप से अवसर दिए जाने के हकदार नहीं हैं। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को निरस्त कर दिया, जिसमें उधारकर्ता को धोखाधड़ी वाला खाता घोषित करने से पहले व्यक्तिगत सुनवाई देने का बैंक को निर्देश दिया गया था। शीर्ष अदालत ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन से जुड़े नियमों की व्याख्या करते हुए कहा कि 'प्राकृतिक न्याय' के सिद्धांतों का पालन करने के लिए कारण बताओ नोटिस देना, जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराना, उधारकर्ता के जवाब पर विचार करना और कारण के साथ आदेश पारित करना पर्याप्त है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि बैंक किसी खाते को धोखाधड़ी घोषित करने में ऑडिट रिपोर्ट (फॉरेंसिक ऑडिट समेत) पर निर्भर करते हैं, तो उसकी प्रति उधारकर्ता को देनी होगी ताकि वह उस पर अपनी आपत्ति या जवाब दे सके।

## आपूर्ति को लेकर चिंताओं के चलते कच्चे तेल का वायदा भाव 10,888 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर

**नयी दिल्ली:** वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चे तेल की कीमतें लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 10,888 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गईं। यह बढ़त मज़बूत वैश्विक संकेतों के चलते हुई, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की होर्मुज़ जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की समय सीमा से पहले अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल के अप्रैल माह में डिलिवरी वाला अनुबंध 300 रुपये या 2.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 10,888 रुपये प्रति बैरल के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया। इसी प्रकार, एमसीएक्स में कच्चे तेल का मई माह का अनुबंध 170 रुपये या 1.82 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,485 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। चॉइस ब्रोकिंग की जिंस विश्लेषक, कावेरी मोरे ने कहा, ''कच्चे तेल की कीमतें स्थिर बनी रहीं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के लिए तय समय-सीमा से पहले भू-राजनीतिक तनाव बढ़ गया है; इससे बाज़ार होर्मुज़ जलडमरूमध्य से जुड़ी हर घटना के प्रति बेहद संवेदनशील हो गए हैं।'

## अदाणी की अमेरिकी अदालत से एसईसी धोखाधड़ी मामले को खारिज करने की अपील

**न्यूयॉर्क :** उद्योगपति गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी ने अमेरिकी अदालत से प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) की तरफ से दायर प्रतिभूति धोखाधड़ी मुकदमे को खारिज करने का अनुरोध किया है। अदाणी परिवार के वकीलों की तरफ से दलील दी गई है कि यह मामला अमेरिकी क्षेत्राधिकार से बाहर है और इसमें किसी भी तरह का गलत कार्य सिद्ध नहीं होता है। वकीलों ने आवेदन करने से पहले अमेरिकी अदालत को भेजे गए पत्र में कहा है कि 2021 में अदाणी समूह की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) द्वारा जारी 7.5 करोड़ डॉलर के बॉन्ड बिक्री के संदर्भ में एसईसी के दावे कई कानूनी आधारों पर दोषपूर्ण हैं। यह मुकदमा नवंबर, 2024 में दायर किया गया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि एजीईएल की तरफ से जारी बॉन्ड के निवेशकों को कथित तौर पर रिश्वत देने की योजना से अवगत नहीं कराया गया था। अदाणी पक्ष ने अदालत को बताया कि न तो गौतम अदाणी और न ही सागर अदाणी का अमेरिका के साथ पर्याप्त संपर्क था और न ही वे बॉन्ड पेशकश में प्रत्यक्ष रूप से शामिल थे।

## एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन का इस्तीफा

**मुंबई:** एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। एयरलाइन ने उनके उत्तराधिकारी की तलाश के लिए एक समिति का गठन किया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। न्यूजीलैंड मूल के विल्सन पिछले चार वर्ष से टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं। एयरलाइन ने बयान में कहा,' विल्सन ने 2024 में ही एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को 2026 में पद छोड़ने की अपनी इच्छा से अवगत करा दिया था। तब से वह यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि संगठन और नेतृत्व दल बदलाव के लिए स्थिर स्थिति में हो।'

**वर्ष 11, पूर्णांक 3556 अंक 022 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in